नई दिल्ली

शनिवार, 4 मई 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष, एकादशी वर्ष : 28, अंक : 23

पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00


मौसम

अधि. 41

न्यूून. 28

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### अमेठी को न....राहुल गांधी ने वायनाड के बाद रायबरेली से भरा नामांकन, उनके अमेठी से लड़ने की थी चर्चा

# खत्म पहेली...राहुल वायनाड टू 'रायबरेली'

# प्रधानमंत्री मोदी ने कहा: डरो मत, भागो मत

रायबरेली की सीट पर न सिर्फ राहुल की मां सोनिया गांधी, बल्कि उनकी दादी इंदिरा गांधी और उनके दादा फिरोज गांधी भी कांग्रेस का परचम लहरा चुके हैं

पीएम के बयान पर खरगे ने कहा कि कि उनसे पूछिए, वो खुद ही भागकर वाराणसी आए न

शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी, लेकिन इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली लोकसभा सीट से पार्टी ने आखिरकार राहुल गांधी को चुनावी मैदान में उतार दिया है। उन्होंने शुक्रवार (3 मई) को नामांकन भी दाखिल कर दिया। इस मौके पर उनके साथ सोनिया, प्रियंका, रॉबर्ड वाड्रा, अशोक गहलोत व मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। अमेठी से गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को कांग्रेस से उतारा गया। राहुल के अमेठी से न लड़ने को लेकर भाजपा ने उनको घेर लिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की सभा में कहा- हार के डर से राहुल अमेठी से भाग गए। डरो मत। भागो मत। वहीं, अमित ▸▸ शेष पेज 5 पर

सात चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में इन दोनों सीट पर 20 मई को मतदान होगा

प्रियंका ने कहा कि हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं

अमेठी से गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को कांग्रेस से उतारा गया



### मेरी मां ने भरोसे से मुझे परिवार की कर्मभूमि सौंपी

राहुल गांधी ने एक्स पर दी प्रतिक्रिया

राहुल ने कहा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं। प्रियंका ने कहा कि कुछ दिनों पहले मां ने कहा था, मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है। ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लिया, जो दशकों तक हर उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है। इस मुश्किल वक्त में, जब हम देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो इस लड़ाई में भी हमारा पूरा परिवार दृढ़ता से हमारे साथ खड़ा है।

### समीकरण में भी फिट बैठते हैं शर्मा

गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा मृदुभाषी, सरल व्यक्तित्व, कुशल मैनेजर और मीडिया की चकाचौंध से दूर रहने वाले शख्स के तौर पर जाने जाते हैं। कांग्रेस के इंटरनल सर्वे में ये बात भी सामने आई थी कि कार्यकर्ता अपनों के बीच से ही कांग्रेसी प्रत्याशी चाहते थे, इसलिए वे भी खुश होंगे। जातीय समीकरण में भी किशोरी लाल फिट बैठते हैं। अमेठी में दलित (26 फीसदी), मुस्लिम (20 फीसदी) और ब्राह्मण (18 फीसदी) का दबदबा है। कांग्रेस को लगता होगा कि जातीय समीकरणों के हिसाब से केएल शर्मा को फायदा हो सकता है। गांधी परिवार ने भरोसा दिया है कि वो प्रचार के काम में किशोरी लाल शर्मा के साथ भरपूर साथ देंगे।

### शाह बोले- सोनिया गांधी 21वीं बार भी नहीं कर पाएंगी राहुल की लॉन्चिंग

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार में चंद्रयान लॉन्च कर दिया, लेकिन सोनिया गांधी बेटे को बार-बार लॉन्च कर रही हैं और ये इक्कीसवां प्रयास है लेकिन वो सफल नहीं हो रहा है। शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अपने परिवारजनों को ▸▸ शेष पेज 5 पर



### स्मृति ने कहा- कांग्रेस ने मतदान से पहले ही हार मान ली

पश्चिम बंगाल में एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे जो अमेठी हारने के बाद वायनाड चले गए, वे रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने कहा, मैंने पहले कहा था कि राहुल गांधी वायनाड हार रहे हैं और वो नई सीट खोज रहे हैं। उनके चेले चपाटे ▸▸ शेष पेज 5 पर



### सीएम डॉ. यादव बोले: वायनाड से हार की आशंका के कारण रायबरेली गए, प्रियंका रण-छोड़ हो गईं

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी पिछली बार अमेठी से हारकर केरल भाग गए थे। अब वायनाड से हार की आशंका मानकर पहले अमेठी का मन बनाते रहे। स्मृति ने जो 5 साल तक काम किया ▸▸ शेष पेज 5 पर



### पाक के 34 जनपदों से आए सिंधी समाज के ये सभी लोग



## अयोध्या पहुंचे पाकिस्तान से 250 राम भक्त, किया श्री रामलला का दर्शन-पूजन, कहा-आंखें भीग गईं



सभी श्रद्धालुओं को संगठित कर अयोध्या लाने वाले विश्व प्रकाश रूपन कहते हैं-हम सभी सिंध वासी भी भगवान श्री राम और कृष्ण के पुजारी

बीएस लाठी ▸▸ अयोध्या

अलग खबर

कहते हैं कि जब आस्था परवान पर होती है तो देश की सीमाएं भी उनके सामने नतमस्तक हो बाहें पसार कर उनको रास्ता दे देती हैं। ऐसी ही कुछ तस्वीर शुक्रवार को रामनगरी अयोध्या में देखने को मिली, जहां पाकिस्तान के 34 जनपदों से आए सिंधी समाज के जत्थे के जोरदार जय श्री राम के जयकारे से रामनगरी का रोम-रोम झंकृत हो गया। पाकिस्तान से अपनी आंखों में रामलला के नूर को भर लेने की आस लिए 250 से अधिक राम भक्त जब अयोध्या की सीमा में प्रवेश हुए तो उनकी आंखें सजल हो गईं। अयोध्या की मिट्टी को प्रणाम करते ढोल नगाड़े ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 2 महीने पहले लगाया था वीजा

इन श्रद्धालुओं ने कहा कि जिस दिन रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही थी उसी दिन से रामलला के दर्शन की ललक मन में जाग उठी थी। 2 महीने पहले जब वीजा लगाया गया मन में अपार उत्साह था कि वह घड़ी बहुत करीब है । जब मेरी आंखें अपने भगवान श्री राम को बेहद करीब से देखेंगी।

### भगवान श्री राम भी माता हिंगलाज के दरबार में पाकिस्तान गए थे

इस पाकिस्तानी जत्थे में लाहौर, कराची, घोटकी, हैदराबाद के लोग हैं तो वहीं सिंध प्रांत के सक्खर, सांगड, पैनो, बैंजी, मैसरा भैराली, कथकोट, पीतापिन , चिचड़ा के लोग शामिल हैं। पाकिस्तान से आए चंद्राराम आसुदानी बताते हैं कि हिंदुस्तान आकर सभी को बहुत अपनापन मिल रहा है और अयोध्या में आकर तो इतनी खुशी मिल रही है कि उसको शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान से इन सभी श्रद्धालुओं को संगठित कर रामनगरी अयोध्या लाने वाले विश्व प्रकाश रूपन बताते हैं कि भगवान श्री राम भी माता हिंगलाज के दरबार में पाकिस्तान गए थे। रुपन बताते हैं कि हम सभी सिंध वासी भी भगवान श्री राम और कृष्ण के पुजारी हैं ।






## सुरक्षा का मूल्यांकन खुद 'स्वास्थ्य मंत्रालय' ने किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

ब्रिटिश फार्मा दिग्गज एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया है कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। कोवैक्सिन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा है कि हमारी वैक्सीन सुरक्षित है। इससे किसी भी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता है। इसे बनाते समय हमारी पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा थी और दूसरी प्राथमिकता वैक्सीन की गुणवत्ता थी। भारत बायोटेक ने कहा कि कोवैक्सिन भारत सरकार की इकलौती कोविड-19 वैक्सीन है, जिसके ट्रायल भारत में ही हुए थे। कंपनी ने कहा कि लाइसेंस ▸▸ शेष पेज 5 पर








बेटे ने अपहरण का केस दर्ज करवाया

### कर्नाटक में यौन उत्पीड़न की शिकार महिला गायब



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शुक्रवार को जेडीएस से निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ तलाशी अभियान शुरू किया। दरअसल, यह तलाशी अभियान उस पीड़िता के बेटे की शिकायत के बाद किया गया है, जिसके साथ प्रज्वल ने वायरल वीडियो में यौन उत्पीड़न किया था। पीड़ित बेटे ने आरोप लगाया है कि उसकी मां का अपहरण कर लिया गया है। लापता महिला के 20 साल के बेटे ने गुरुवार रात मैसूर जिले के केआर नगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज करवाई। एफआईआर में कहा गया है कि उसकी मां को प्रज्वल रेवन्ना परिवार का एक परिचित शख्स बहला-फुसलाकर ले गया है। अपहरणकर्ता की पहचान सतीश बबन्ना के तौर पर हुई है। आरोप लगाया गया है कि प्रज्वल के पिता और जेडीएस विधायक एचडी रेवन्ना के कहने पर महिला को प्रज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए ऐसा किया है। शिकायत के आधार पर एचडी ▸▸ शेष पेज 5 पर




## खबर संक्षेप

### डीएमआरसी ने मनाया 30 वां स्थापना दिवस



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने शुक्रवार को अपना 30वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर डीएमआरसी ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय व डीएमआरसी के अध्यक्ष अनुराग जैन, दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार, परमवीर चक्र विजेता मानद कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव और डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों से अपनी अपनी श्रेणी में बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारियों को वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। इस बारे में डीएमआरसी के कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन्स प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने बताया कि 30 वां स्थापना दिवस हमारे लिए खुश और लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर रहने को प्रेरित वाला रहा। डीएमआरसी द्वारा समारोह में पहुंचे गणमान्य व्यक्तियों ने डीएमआरसी की 30 वर्षों की शानदार उपलब्धियों व भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। दयाल ने बताया कि इस मौके डीएमआरसी कार्मिकों के उत्कृष्ट योगदान और समर्पण के लिए उन्हें प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही, मेट्रो वुमन और मैन ऑफ द ईयर, सर्वश्रेष्ठ स्टेशन, सर्वश्रेष्ठ डिपो एवं राजभाषा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के विजेताओं में मेट्रो वुमन ऑफ द ईयर रही प्रिती कुमारी, वरिष्ठ स्टेशन प्रबंधक के रूप में।

### अस्थायी मंदिर में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका के बिंदापुर इलाके में फाइबर की चादर से बने अस्थायी मंदिर में शुक्रवार को आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पुलिस के अनुसार, दमकल विभाग, एंबुलेंस, अपराध शाखा और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंची हैं, आग लगने का सटीक कारण पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमें फाइबर से बने अस्थायी मंदिर में आग लगने के बारे में सूचना मिली। कानून-व्यवस्था बरकरार रखने के लिए विभिन्न टीम वहां पहुंचीं। अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच में पता चला है कि फाइबर शीट में आग लग गई। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। वहीं राजघाट के पास स्थित एक वन क्षेत्र में शुक्रवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेज हवा के कारण आग फैल गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि हमें राजघाट के पास स्थित वन क्षेत्र में आग लगने के संबंध में दो बार सूचना मिली थी। पहली सूचना सुबह साढ़े दस बजे मिली, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। फिर दोपहर ढाई बजे सूचना मिली जिसके बाद तीन गाड़ियों को आग पर काबू पाने के लिए भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि तेज हवा के कारण आग फैल गई, हालांकि अब आग पर काबू पा लिया गया है।

### मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई

# लोस चुनावः केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर दलीलें सुनने पर विचार कर सकता है सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कहा कि वह दिल्ली में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर दलीलें सुनने को लेकर विचार करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है और इसलिए, अदालत उन्हें अंतरिम जमानत देने पर जांच एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है। राजू ने कहा कि वह केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने का विरोध करेंगे। पीठ ने कहा कि हम कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे और यह नहीं कह रहे कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी दे सकते। शीर्ष अदालत ने राजू से सात मई को अंतरिम जमानत याचिका पर दलीलों के लिए तैयारी के साथ आने को कहा। पीठ ईडी द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद से न्यायिक हिरासत में यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया था और केजरीवाल की याचिका पर जवाब देने को कहा था। इससे पहले नौ अप्रैल को हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखते हुए कहा था कि यह गैरकानूनी नहीं है और केजरीवाल को बार-बार जारी समन की अवहेलना करने और जांच में शामिल नहीं होने के बाद ईडी के पास 'बहुत कम विकल्प' बचा था।

### आप का भाजपा पर निशाना

**नई दिल्ली।** आप ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक साक्षात्कार में यह स्पष्ट किया है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक साजिश के तहत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। आप की वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री आतिशी ने प्रैसवार्ता में शुक्रवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने एक समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में यह स्पष्ट किया है कि जब पहली बार समन भेजा गया था तब से ही प्रवर्तन निदेशालय का इरादा केजरीवाल को गिरफ्तार करने का था आतिशी ने कहा कि जिस दिन से केजरीवाल को ईडी के समन मिलने शुरू हुए, आप ने खुलेआम कहा कि यह उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश है।

## हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली एक याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह विचारणीय नहीं है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा कि इस अदालत की राय है कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली यह रिट याचिका विचारणीय नहीं है। कथित व्यक्ति न्यायिक आदेश के तहत न्यायिक हिरासत में हैं और वह मौजूदा याचिका में विषय नहीं हैं। याचिका स्पष्ट रूप से उस व्यक्ति का नाम बताने में विफल रही है, हालांकि उनकी राजनीतिक स्थिति/पद के संदर्भ के कारण इसमें पहचान स्पष्ट है। यह आदेश एक मई को जारी किया गया था, लेकिन विस्तृत फैसला शुक्रवार को उपलब्ध हुआ। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिका में कोई आधार नहीं है और यह प्रचार पाने की मंशा से दायर की गई लगती है। पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता विधि छात्र अमरजीत गुप्ता को गिरफ्तार व्यक्ति के पक्ष में राहत की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है। उसने यह भी कहा कि केजरीवाल के पास अदालत का रुख करने और उचित कार्यवाही के लिए अनुरोध करने के साधन हैं।

## आबकारी नीति घोटालाः हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सिसोदिया ने एक अंतरिम आवेदन में अदालत से अनुरोध किया था कि वह निचली अदालत के उस आदेश को बरकरार रखे, जिसमें उन्हें अपनी याचिकाओं के लंबित रहने के दौरान हिरासत में रहते हुए बीमार पत्नी से सप्ताह में एक बार मिलने की अनुमति दी गई थी। ईडी के वकील ने कहा कि अगर निचली अदालत का आदेश बरकरार रखा जाता है तो जांच एजेंसी को कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद न्यायमूर्ति शर्मा ने अनुरोध स्वीकार कर लिया। निचली अदालत ने रद्द हो चुकी 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में क्रमशः सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार व धन-शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## रेल टिकट कंफर्म कराने के बहाने ठगी व लूट करता था टीटीई गैंग

### तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने टीटीई बनकर ठगी व लूट करने वाले एक रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस सिंडिकेट में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनके नाम संतोष (27), आशुतोष कुमार (26) व अफरोज अंसारी (37) बताये गये हैं। तीनों सीतामढ़ी, बिहार के रहने वाले हैं। इनके पास से 22 मोबाइल फोन, 25 क्रेडिट और डेबिट कार्ड बरामद हुये हैं।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक 29 अप्रैल को इफको चौक, गुरुग्राम के पास ट्रेप लगा सबसे पहले संतोष को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने बताया कि अपने साथियों राकेश पासवान और अफरोज के साथ मिलकर मेट्रो ट्रेन में यात्रा कर रहे एक शख्स को ठगा था। उसे रेलवे टिकट कंफर्म कराने के बहाने चपत लगायी गई थी। उसे जाल में फंसाकर एम्स के पास ले गए थे। इसके बाद उसका मोबाइल, पर्स, पैन कार्ड, डेबिट कार्ड और उसके कपड़े से भरा बैग लेकर फरार हो गये थे। उसकी पॉकेट डायरी से डेबिट कार्ड का पिन नंबर मिलने पर कैश भी निकाल लिया गया था। संतोष की निशानदेही पर अफरोज को डाबड़ी इलाके से पकड़ा गया। एटीएम से कैश निकालते समय वह साथ में देखा गया था। बाद में तीसरे आरोपी आशुतोष को भी पकड़ा गया। यह पिन नंबर जनरेट करने के बाद पीड़ित लोगों के डेबिट कार्ड का प्रयोग कर रकम साफ करता था। एक शख्स के खाते से करीब दो लाख रुपए भी इन्होंने निकाले थे। आरोपी विशेष रुप से बिहार मूल के लोगों को टारगेट करते थे।

### पुलिस आयुक्त को भेजा बम बलास्ट की धमकी का ईमेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक साथ 100 से ज्यादा स्कूलों को ईमेल के जरिए बम ब्लास्ट की धमकी देने वाले मामले की अभी जांच चल ही रही थी कि एक ओर ईमेल से पुलिस की सांसे फूल गई। इस बार ईमेल सीधे दिल्ली पुलिस आयुक्त को भेजा गया। कहा गया कि नांगलोई के एक स्कूल में बम रखा हुआ है। हालांकि, जांच के बाद यह धमकी भी फर्जी निकली। पुलिस ने मेल भेजने वाले को ट्रेस कर लिया है। आरोपी नाबालिग बताया गया है। लंबी काउंसलिंग के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार धमकी भरा मेल गुरुवार सुबह 10 बजे पुलिस आयुक्त की अधिकारिक मेल आईडी पर आया था। यह धमकी सिराज नाम की आईडी से किया गया। इसमें कहा गया कि नांगलोई रेलवे स्टेशन के पास स्कूल में ठीक 2 बजकर 18 मिनट पर बम फटेगा। यह पता चलते ही पुलिस टीम ने अन्य एजेंसियों के साथ स्कूल पहुंच गहन जांच पड़ताल की। बाद में इस धमकी को भी फर्जी करार दिया गया। जांच के दौरान पुलिस ने उस मेल भेजने वाले के बारे में जानकारी जुटायी और कुछ ही घंटे के भीतर उसे ट्रेस कर लिया। उसके नाबालिग होने का पता चलने पर पुलिस ने उसकी काउंसलिंग करवाई और फिर उसे परिजनों के हवाले कर दिया। लड़के ने पुलिस को बताया कि उसने बस शरारत के इरादे से ऐसा किया था।

## तिहाड़ः कैदी के सीने में चाकू घोंप उतारा मौत के घाट

### खाने को लेकर विवाद, अफगान मूल के शख्स पर वारदात का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



तिहाड़ जेल के अंदर खाने के पीछे हुए विवाद में अंडर ट्रायल कैदी का मर्डर कर दिया गया। सीने में चाकू घोंपकर हत्या की गई। आरोप अफगान मूल के नागरिक पर है। मृतक हत्या और लूट के मामले में जेल में बंद था। हरिनगर थाने में हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम दीपक (29) बताया गया है। वह शकरपुर इलाके का रहने वाला था। कुछ साल पहले पश्चिम विहार एरिया में हुई हत्या और लूट के मामले में जेल में बंद था। वारदात शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे अंजाम दी गई। इस वारदात की सूचना पुलिस को डीडीयू हॉस्पिटल से मिली थी। पुलिस हॉस्पिटल पहुंची तो पता चला कि मृतक जेल नंबर तीन में बंद था। इस पर साल 2018 में पश्चिम विहार थाने में लूट और हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। दीपक की हत्या का आरोप अब्दुल बशीर अखोंदजादा (44) के ऊपर लगा है। वह अफगानिस्तान मूल का नागरिक है और साल 2019 में लाजपत नगर थाने में दर्ज हत्या की कोशिश के केस में जेल पहुंचा था। पुलिस की जांच में पता चला कि सुबह आरोपी और मृतक के बीच खाने को लेकर कुछ विवाद हुआ था। मृतक जेल में सेवादार के तौर पर काम करता था।

### हत्या केस में वांटेड बदमाश धरा

**नई दिल्ली।** हत्या के मामले में वांछित एक खूंखार अपराधी को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। वह पहले भी एक डकैती के मामले में शामिल रह चुका था। आरोपी का नाम रवि कुमार बताया गया है। आरोपी ने जहांगीरपुरी में अपने भाई व अन्य दो साथियों के साथ मिलकर विकेश नाम के शख्स की हत्या की थी। इसके बाद वह पंजाब भाग गया था। आरोपी पुलिस को चकमा देने के लिये सामान्य फोन कॉल नहीं कर रहा था। वह अपने सहयोगियों को कॉल करने के लिए वेब-आधारित एप्लिकेशन का उपयोग कर रहा था। इसके स्वरूप में रहने का इनपुट पुलिस को मिला था। इसके बाद पुलिस ने छापा मारकर स्वरूप नगर से इसे दबोच लिया।

### ओखलाः पार्क में युवक को चाकू मारे, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के ओखला औद्योगिक क्षेत्र में एक 18 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात गुरुवार शाम एक पार्क के अंदर अंजाम दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भिजवाया है। मृतक का नाम शिवम (18) बताया गया है। आरोपी जेजे कैम्प, ओखला फेस 2, का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम करीब साढ़े पांच बजे दो पीसीआर कॉल इस घटना को लेकर प्राप्त हुई थी। बताया गया कि एक लड़के को चोट लगी हुई है। इसके बाद घायल को अचेत हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। कुछ देर आईसीयू में रखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। जांच के दौरान पता चला कि मृतक दो अन्य लड़कों के साथ ओखला फेस 2, के सामने सलोरा पार्क में आया था। वहां सात आठ मिनट बाद ही वह पार्क से बाहर निकला। जब वह बाइक पर बैठ रहा था, तभी फुटपाथ पर गिर गया। उसकी गर्दन से खून निकल रहा था। यह देख एक शख्स ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस तफ्तीश के दौरान पता चला कि सूरज और एक नाबालिग लड़के ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। इस वारदात लड़की का एंगल सामने आया है। सभी लड़के ओखला फेज 2, के रहने वाले हैं। पुलिस ने मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है। वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है।

## फायरिंग में किशोर को लगी थी गोली, भोला गैंग का बदमाश दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जहांगीरपुरी के भोला गैंग के बदमाश को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इसके द्वारा की गई फायरिंग में 13 वर्षीय किशोर को गोली लगी थी। फायरिंग वर्चस्व की लड़ाई का नतीजा थी। गिरफ्तार आरोपी का नाम सुजल उर्फ ढेला (22) है। पुलिस के अनुसार सागर नामक शख्स की शिकायत पर केस दर्ज किया गया था। उसने बताया था कि चार जनवरी को इसी साल वह एक पार्क में टहलने के लिये गया था। उसने आकाश, मुकेश उर्फ भोला, बाबू, कन्ना, सूरज उर्फ सूरी, संजू, दहला और भैरों को पार्क के बाहर खड़े देखा। शिकायतकर्ता पार्क में घुसा और अपने दोस्त नंदू से मिला। अचानक, मुकेश, आकाश, सुजल सहित अक्कू अपने साथियों के साथ पार्क में घुसा। आकाश और सूरज ने उस पर गोली चला दी, लेकिन गोली उन्हें ना लगकर एक किशोर को जा लगी। शिकायतकर्ता द्वारा यह भी कहा गया कि 2023 में भी आकाश ने अपने साथियों के साथ उनके घर पर पथराव और फायरिंग की थी। पुलिस को सुजल के गुरु नानक नगर, भलस्वा झील के पास अपने परिचित से मिलने आने का इनपुट मिला था। सूचना के स्थान पर जाल बिछाया गया और सुजल को पकड़ लिया गया।

### रोहिणीः पैर में गोली मारकर पकड़ा बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

गाजियाबाद में हत्या के मामले में वांछित 35 वर्षीय अपराधी को शुक्रवार तड़के रोहिणी इलाके से एक मुठभेड़ के बाद स्पेशल सेल ने दबोच लिया। यह मुठभेड़ जापानी पार्क के पास तड़के तीन बजे हुई। मुठभेड़ में पकड़े गये अपराधी का नाम मोहम्मद फैजान उर्फ नन्हे बताया गया है। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि फैजान जापानी पार्क के पास अपने किसी साथी से मिलने आएगा। इसके बाद टीम ने जाल बिछाकर फैजान को रूकने का इशारा किया। लेकिन बाइक सवार फैजान ने पुलिस टीम को देखते ही गोलियां चला दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम के सदस्यों ने भी गोलियां चलाई और एक गोली उसके दाहिने पैर में लगी। इसके बाद फैजान को नजदीकी बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। इस पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा में हत्या, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली तथा आर्म्स एक्ट के सात मामले दर्ज थे। इसका संबंध गोगी एवं काले गैंग से भी बताया जाता है। आरोपी गाजियाबाद के लोनी में हत्या के एक मामले में वांटेड था और गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था।


### गुमशुदा की तलाश



शिवानी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (चित्र में दर्शाया गया), जिसका नामः शिवानी पुत्रीः जोगिंदर, निवासीः मकान नंबर 1/228, गली नंबर 53, पहला 60 फुटा रोड मोलरबैंड एक्सटेंशन, बदरपुर, नई दिल्ली, स्थायी पता – गाव नन्हेरा राजपूत थाना डिडौली जिला अमरोहा (यूपी) उम्र 17 वर्ष, जोकि दिनांक 20.04.2024 को उपरोक्त पते से गुमशुदा है। इस बाबत FIR No.266/2024 U/s 363 IPC, दिनांक 21.04.2024 से थाना बदरपुर, नई दिल्ली में दर्ज है। लड़की का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार हैः
कदः 4'6'' फिट, रंगः गोरा, चेहराः गोल, शरीरः पतला, पहनावाः पीली प्रिंटेड कुर्ती, लाल लेगिंग और पैरों में चप्पल पहने हुए।
किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई भी जानकारी/ सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित पर सूचित करने की कृपा करें ई–मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बरः 011-24368638 or 24368641.

थानाध्यक्ष
थाना बदरपुर, नई दिल्ली
फोनः 011-29894753, 8750870933

DP/4997/SE/2024



### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/FSO/289

मनकि सुशीला पत्नी रविन्द्र कुमार पुत्र जगदीश, निवासी गांव फतेहपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर एंव बिस्वेदार गांव मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2021–22 व इंतकाल न0 5799 बैय, के अनुसार खेवट न0 686/549, खाता न0 750, मु0 न0 96, किला न0 11/2(1–16), 12(8–0), मु0 न0 97, किला न0 8/2(2–18), 13/1(2–4), किते 4, तादादी रकबा 14 कनाल 18 मरले का 17/447 भाग, बकदर 0 कनाल 11 मरले 3 सरसाई (0.070833 एकड़) वाका रकबा मौजा मुबारिकपुर, तहसील फरूखनगर, जिला गुरूग्राम की मालिक व काबिज है जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 96, किला न0 12 मिन पश्चिम (0–11–3), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 11 मरले 3 सरसाई (0.070833 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 03.05.2024

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14, गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com


### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए परिवर्तनकारी साबित होंगे नए कानूनः प्रो. योगेश

# अच्छे कानून होंगे तभी समाज के लिए अच्छा कर पाएंगे जज : स्वर्णकांता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली हाईकोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि जज समाज के लिए कुछ अच्छा करना चाहते हैं, लेकिन अगर उन्हें अच्छे कानून देंगे तभी वो अच्छा कर पाएंगे।

जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) द्वारा तीन नए आपराधिक कानूनों को लेकर आयोजित जागरूकता अभियान के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने डीयू से जुड़े अपने पढ़ाई के दिनों के संस्मरण याद करते हुए कहा कि वह आज जो भी हैं, वो इसी विश्वविद्यालय की बदौलत हैं। डीयू ऐसी जगह है जहां आप जब भी आते हैं तो ये आपको कुछ देती ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ये तीन नए कानून परिवर्तनकारी साबित होंगे। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र की नींव कानून के शासन पर टिकी होती है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंची सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता मोनिका अरोड़ा ने तीनों नए क़ानूनों की पुराने कानूनों से तुलनात्मक व्याख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, प्रोक्टर प्रो. रजनी अब्बी और डीन अकादमिक प्रो. के रत्नाबली सहित अनेकों शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे युवा : पाणी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को युवा साकार करेंगें। दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती महाविद्यालय (सांध्य) के 48 वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर बलराम पाणी (अधिष्ठाता, महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने अपने वक्तव्य में उक्त संबोधन देते हुए यह आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया ताकि वे विभिन्न परिस्थितियों में अपने आपको संयोजित एवं स्थापित कर सकें। वहीं, मंचासीन अतिथियों और अधिकारियों का स्वागत और अभिनंदन महाविद्यालय के प्राचार्य (ओएसडी) प्रोफेसर रसाल सिंह ने किया और उन्होंने कहा कि हम वार्षिक दिवस समारोह में अपने विद्यार्थियों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए बहुत खुश हैं। प्राचार्य ने इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट (2023-2024) के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर संक्षेप में प्रकाश डाला। कॉलेज प्रबंध समिति की अध्यक्ष प्रोफेसर पामेला सिंगला ने अपने उदबोधन के माध्यम से छात्रों को ज्ञान की विभिन्न शाखाओं में अपनी रुचि के अनुसार विशिष्ट उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर अनुपम झा (कोषाध्यक्ष, प्रबंध समिति) ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समावेशी दृष्टिकोण को अपनाने पर बल दिया। बता दें कि महाविद्यालय के 'सत्या' सभागार में दीप प्रज्वलन के साथ हर्षोल्लास के साथ समारोह मनाया गया।

### ढोल, बैंड और पार्टी ध्वज लहराते हुए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव कार्यालय पहुंचे प्रत्याशी

# रोड शो कर प्रत्याशियों ने भरा नामांकन पत्र

## भाजपा प्रत्याशी खंडेलवाल ने नामांकन पत्र किया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चांदनी चौक संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में केन्द्रीय मंत्री पियूष गोयल एवं वर्तमान सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने शुक्रवार को चांदनी चौक में विशाल जनसभा को सम्बोधित किया और खंडेलवाल की नामांकन यात्रा में भी कार्यकर्ताओं के साथ सम्मलित हुए। नामांकन यात्रा प्राचीन गौरी शंकर मंदिर के सामने चौक पर शंखनाद के बाद ढोल, बैंड और पार्टी ध्वज लहराते बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चाँदनी चौक मुख्य मार्ग से होती हुई फतेहपुरी चौक पहुंची और वहां से चर्च रोड़ होती हुई पुरानी दिल्ली रेलवे-स्टेशन के पास पहुंची। वहां से प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल ने अपने प्रस्तावकों के साथ तीन चार गाड़ियों में अलीपुर चुनाव कार्यालय जाकर सादगी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



### फेक नैरेटिव के अलावा इंडिया गठबंधन के पास कुछ नहीं : गोयल

केंद्रीय मंत्री पीयूस गोयल ने कहा कि गलत वीडियो और फेक नैरेटिव के अलावा इंडिया गठबंधन के पास देश को देने के लिए कुछ नहीं है। जिस गठबंधन में प्रधानमंत्री बनने के लिए लड़ाई चल रही हो वह देश के विकास के बारे में क्या सोचेगा। वहीं, प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि मैंने चांदनी चौक के नागरिकों एवं व्यापारियों के प्रति अपना संकल्प पत्र 2024 जारी किया है और मैं इसमे किये सभी संकल्प 2027 तक पूर्ण करूंगा। जबकि डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि हम सब मतदान के दिन अंतिम सम्भव मतदाता का मतदान करा कर भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल की विजय सुनिश्चित करेंगे।

## दक्षिण दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भरा पर्चा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शुक्रवार को बड़ी संख्या में जन समुद्र की तरह उमड़ी भीड़ के साथ रैली निकालते हुए नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री व दिल्ली की सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की उपस्थिति में नामांकन पत्र भरा।



नामांकन से पहले बिधूड़ी ने पृथ्वीराज मार्केट स्थित गोपाल मंदिर में माथा टेका और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय लाडो सराय से लेकर डीएम ऑफिस साकेत तक नामांकन रैली निकाली गई। नामांकन रैली में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें। खुले ट्रक में सवार होकर रामवीर सिंह बिधूड़ी, पुष्कर धामी, डॉ. अल्का गुर्जर और सचदेवा जहां से भी गुजरे, लोगों ने उन पर फूल बरसाकर स्वागत किया और जीत का आशीर्वाद दिया।

### दक्षिण दिल्ली संसदीय सीट से भाजपा भारी मतों से होगी विजयी : धामी

मुख्य अतिथि पुष्कर धामी ने कहा कि लोगों के उत्साह और ऊर्जा को देखकर कहा जा सकता है कि दक्षिण दिल्ली संसदीय सीट से भाजपा भारी मतों से विजयी होने वाली है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा की जीत निश्चित है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 से अधिक सांसदों के समर्थन से एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। उन्होंने मोदी सरकार के कार्यों का उल्लेख किया। वहीं, प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मोदी सरकार की दिल्ली को दी गई सौगातों को गिनवाया तो दूसरी तरफ दिल्ली सरकार की कमियों को गिनाया।

## कांग्रेस उम्मीदवार उदित राज ने दाखिल किया पर्चा



नई दिल्ली। कांग्रेस के तीनों उम्मीदवारों में सबसे पहले उत्तर पश्चिम संसदीय सीट से उदित राज ने शुक्रवार को भारी लाव लश्कर के साथ अपना नामांकन दाखिल किया। उदित राज की नामांकन रैली में दिल्ली कांग्रेस के नवनियुक्त अंतरिम प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह, गठबंधन की सहयोगी पार्टी आप के दिल्ली संयोजक व दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय सहित कांग्रेस और गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल हुए। उदित राज ने नामांकन दाखिल करते हुए भारी मतों से अपनी जीत का दम भरा। ढोल नगाड़े के साथ आप और कांग्रेस कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। इस मौके पर अंतरिम अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उदितराज सहित तीनों कांग्रेसी व गठबंधन के चारों उम्मीदवारों की जीत का दावा किया। यादव ने कहा कि भाजपा से लोग त्रस्त हो चुके है। दिल्ली की बदहाली में केंद्र सरकार की अनदेखी सबसे ज्यादा जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आह्वान किया कि अब आराम का नहीं दिन रात मेहनत करने का समय है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के सभी उम्मीदवारों को जिताने की जिम्मेदारी हर कार्यकर्ता के कंधे पर है। इसलिए कोई कार्यकर्ता यह न समझे की वह छोटा या बड़ा है, सभी बराबर है और जीत के लिए महत्वपूर्ण है। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र ने कांग्रेस के समर्थन में जीत का दावा करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। चौ वीरेंद्र ने कहा कि भाजपा इस बार 200 सीट भी पार नहीं कर सकेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस जबरदस्त तरीके से वापसी करने जा रही है। गठबंधन का फायदा कांग्रेस व सहयोगी पार्टी दोनों को मिलेगा। गोपाल राय ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार भारी मतों से जीत दर्ज करने जा रहे है। बता दें कि दिल्ली की 7 लोकसभा सीटों पर आगामी 25 मई 2024 को मतदान होना है। गठबंधन के तहत कांग्रेस ने तीन और आप पार्टी चार उम्मीदवार उतारे है। फिलहाल दोनों दल मिलकर प्रचार की शुरुआत कर चुके है।

## सुप्रीम कोर्ट की वकील डॉ. गीता रानी सहित कई अन्य वकील आप में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील और ऑल इंडिया वीमेन लॉयर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. गीता रानी सहित कई अन्य वकील शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हुए। वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने इन सभी वकीलों का पटका पहनाकर आम आदमी पार्टी में स्वागत किया। बता दें कि डॉ. गीता रानी पानीपत के वार्ड 17 से पार्षद भी रह चुकी हैं। इस मौके पर डॉ. गीता रानी ने कहा-मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हमेशा दिल्ली के आम लोगों और वकीलों की ज़िंदगी को बेहतर बनाने का काम किया, उनकी नीतियों से प्रभावित होकर आज हम आप में शामिल हो रहे हैं। और अब आम आदमी के हक की लड़ाई लड़ेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कामों से, अरविंद केजरीवाल के कामों से प्रभावित होकर सुप्रीम कोर्ट के कई वकील आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के परिवार में सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील डॉ.गीता रानी जो ऑल इंडिया वीमेन लॉयर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष और पानीपत वार्ड 17 से पूर्व पार्षद रह चुकी है, शामिल हुई है और इनके साथ सुप्रीम कोर्ट के अन्य वकील यदुनंदन बंसल, अनीता चहल, आर्या ओझा, दिव्या, प्रवीर चौधरी, अभिषेक शर्मा और निहारिका शर्मा भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आतिशी ने कहा कि हम उम्मीद करते है कि जिस तरह से आप आम लोगों के हक की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ रही है, मुझे पूरा भरोसा है कि आज जो वकील साथी आप में शामिल हो रहे हैं वो आम आदमी के हक की लड़ाई को न्यायालयों में लड़ेंगे।

## सीईओ ने दिया निर्देश, मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, प्रतीक्षा कक्ष, एयर कूलर आदि सुविधाएं सुनिश्चित की जाए

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी. कृष्णमूर्ति ने मतदान के दिन संभावित लू की स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। उन्होंने अधिकारियों को मतदाताओं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में व्यवस्थाओं को सुगम बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सीईओ, दिल्ली की अध्यक्षता में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न विभागों जैसे एमसीडी, एनडीएमसी, दिल्ली छावनी बोर्ड, दिल्ली स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, दिल्ली जल बोर्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा निदेशालय और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान सीईओ, दिल्ली ने सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि संभावित गर्मी के प्रकोप के कारण मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कोई असुविधा न हो। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा लू के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए, पी. कृष्णमूर्ति ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षित पेयजल, उचित छायादार प्रतीक्षा क्षेत्रों के साथ एयर कूलर और आवश्यक चिकित्सा किट उपलब्ध कराने के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए। सीईओ ने स्थानीय निकायों और स्वास्थ्य विभाग को मतदान के दिन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रत्येक मतदान केंद्र पर ओआरएस सहित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं आवश्यक पैरामेडिकल स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सीईओ कार्यालय में शुक्रवार को दाखिल हुए 43 नामांकन पत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सभी संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शुक्रवार को कुल 43 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन आयोग कार्यालय ने शुक्रवार शाम यह जानकारी देते हुए बताया कि 29 अप्रैल 2024 से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के तहत शुक्रवार 3 मई तक कुल 115 नामांकन पत्र दाखिल हुए है। बता दें कि लोकसभा चुनाव-2024 के छठे चरण के लिए 29 अप्रैल 2024 को ईसीआई द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से दिल्ली में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है और यह 6 मई 2024 तक जारी रहेगी। जांच की तारीख 7 मई 2024 है और उम्मीदवारी वापस लेने की आखिरी तारीख 9 मई 2024 है।






## गुरुग्राम के युवा गायक ने दुनिया में नाम किया रोशन, लोगों ने दी बधाई

# चार वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले सत्यम को सीएम धामी ने किया यंगेस्ट प्रोफेशनल सिंगर ऑफ द वर्ल्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुग्राम का नाम विश्व पटल पर अंकित करने वाले यंगेस्ट प्रोफेशनल सिंगर ऑफ द वर्ल्ड के खिताब से सत्यम उपाध्याय को सम्मानित किया। उत्तराखंड में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। सत्यम ने मुख्यमंत्री को अपने नए प्रौजेक्ट के बारे में जानकारी दी और बताया कि मास कम्युनिकेशन की शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ वह संगीत के क्षेत्र में भी प्रयासरत हैं। सत्यम की माता शिक्षाविद् डा. सविता उपाध्याय का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर भी सत्यम ने 4 वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

**खास बातें**

- सत्यम के राम भजन राम राज को भी संगीत प्रेमियों ने काफी पसंद किया
- सत्यम ने ऑल इन्डिया रेडियो, रेडियो मानव रचना, दूरदर्शन के कई कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी की



**इन सम्मानों से हो चुके हैं सम्मानित**

- हिंदुस्तान गौरव अवॉर्ड
- भारत गौरव रतन अवॉर्ड
- भारतश्री अवॉर्ड
- राजीव गाँधी एक्सीलेंस अवॉर्ड
- इंडिया अचीवमेंट

**11 वर्ष की आयु में बनाया रिकॉर्ड**

उन्हें हिंदुस्तान गौरव अवॉर्ड, भारत गौरव रतन अवॉर्ड, भारत श्री अवॉर्ड, राजीव गाँधी एक्सीलेंस अवॉर्ड, इंडिया अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनका कहना है कि सत्यम ऑल इंडिया रेडियो, रेडियो मानव रचना, दूरदर्शन के कई कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी निभाते हुए विश्व में अपनी पहचान बनाने में जुटा है। 11 वर्ष की अल्पायु में ही सत्यम ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है और अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वह निरंतर अग्रसर है। वह उत्तराखंड के हरिद्वार व ऋषिकेश सहित गुजरात, उड़ीसा, जयपुर, बनारस, राजस्थान, दिल्ली, मुंबई, हरियाणा आदि कई स्थानों पर अपनी प्रस्तुति भी दे चुका है। सत्यम संगीत को साधना मानता है। धार्मिक क्षेत्र में भी सत्यम के राम भजन राम राज को भी संगीत प्रेमियों ने काफी पसंद किया है। शॉर्ट फिल्मों में भी उन्होंने अल्का याग्निक और जावेद अली के साथ गाए गीतों में अपनी आवाज दी है। यंगेस्ट सिंगर ऑफ द वर्ल्ड सत्यम देश का नाम विश्व में रोशन करने में लगा है।

## केजीपी पुल यमुना नदी में मिली युवती के ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा

# युवती के 30 लाख हड़पे, गला घोंटकर मार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

छायंसा के केजीपी पुल यमुना नहर के पास एक अज्ञात युवती का शव मिला जिसके गले पर काफी चोट के निशान थे। युवती की अज्ञात व्यक्ति द्वारा गला दबाकर हत्याकर शव को केजीपी पुल छायंसा यमुना नहर के पास फेंका गया था। जिसका मुकदमा अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या की धाराओं में थाना छायंसा में दर्ज किया गया है। डीएसपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा ने मामले की तह तक जाने और अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे जिस पर एसीपी क्राइम अमन यादव की मार्गदर्शन में सीआईए डीएलएफ प्रभारी संदीप की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया।

**इस तरह दोस्ती में किया दगा**

प्रेस वार्ता के दौरान एसीपी अपराध अमन यादव के द्वारा बताया कि



गिरफ्तार आरोपी दीपक व कृष्ण का नाम शामिल है। दोनों आरोपी गांव जखोपुर सोहना गुरुग्राम के रहने वाले हैं। टीम अपराध शाखा डीएलएफ ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना व माध्यम से आरोपियों को काबू किया गया है। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दीपक मृतका रेनू को पिछले 5-6 साल से जानता है और साथ रह रहा था। मृतका अभी 2-3 साल से बाहर रह रही थी। जो अभी गुरुग्राम में आई थी। एक घर अफोर्डेबल हाउस लेने की तलाश में थी जिसके लिए उसने अपने दोस्त से इस बारे में बात की। आरोपी ने मृतका के खाते में पैसे देखे तो आरोपी को लालच आ गया। युवती को घुमाने के बहाने से केजीपी, यमुना नदी लेकर गए और मौका देखकर अपने साथी कृष्ण के साथ मिलकर रस्सी से गला दबाकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया और डेड बॉडी को छिपाने के लिए छायंसा केजीपी पुल के पास फेंक गए। आरोपी दीपक ने मृतका के फोन से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। आरोपी दीपक पर पूर्व में एक मुकदमा चोरी का झज्जर में दर्ज है और आरोपी गुडगांव में एक सैलून चलाता है आरोपी कृष्ण का बैंड बजाने का काम है।

## स्वावलंबी होने पर देश की ग्रोथ का इंजन बनेंगे युवा: सतीश कुमार



स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार को सहयोग राशि का चेक भेंट करती भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नेहा शालिनी दुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

स्वदेशी जागरण मंच के स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय सह संगठक सतीश कुमार ने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान के तहत देश में युवाओं को नौकरी मांगने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनने का संकल्प करने का आहवान किया है। उन्होंने कहा कि हमें देश के करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए युवाओं को स्वावलंबी बनना जरूरी है। स्वावलंबी होने पर युवा देश की ग्रोथ का इंजन बनेंगे। सतीश कुमार यहां गुड़गांव में भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नेहा शालिनी दुआ के निवास पर चाय पर चर्चा कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उनके साथ राकेश, अंकित सहित मंच के पदाधिकारी भी थे। नेहा शालिनी दुआ ने अभियान के लिए सहयोग राशि का चेक भी भेंट किया। सतीश कुमार ने कहा कि मौजूदा समय में हमारे देश में 8 प्रतिशत युवा नौकरी की कतार में हैं।



फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिकांत सिंह मीडिया सेल के चेयरमैन डॉ. अमित जैन एडवोकेट को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### डायरेक्टरी का केन्द्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने किया विमोचन

**फरीदाबाद।** इनकम टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा एजीएम का आयोजन सैक्टर-12 स्थित सैन्ट्रल पार्क में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने शिरकत की। इस अवसर पर फरीदाबाद इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता शशिकांत सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों व सभी कमेटी के चेयरमैन को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गुर्जर ने डायरेक्टरी का भी विमोचन किया। इस एजीएम में प्रधान शशि कांत सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए।

**विपिन शर्मा अध्यक्ष व जैन महामंत्री बने** : गाजियाबाद। गाजियाबाद पेट्रोलियम डीलर्स असोसिएशन की बैठक में विपिन शर्मा को अध्यक्ष तथा अभिषेक जैन को महासचिव चुना गया। राजनगर आरडीसी में संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता सीपी बजाज ने की। इसके अलावा इस बैठक में रतन कंसल को असोसिएशन का कोषाध्यक्ष चुना गया है। इस बैठक में गाजियाबाद में सभी तेल कंपनियों के पेट्रोल पंप मालिक शामिल हुए।


## पहचान का अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक नामालूम बच्ची जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 2 वर्ष, **कद:** 2', **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, जो दंगल मैदान पार्किंग की पटरी पर, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली के सामने मिली थी। इस संदर्भ में **FIR No. 819/2022 U/s 363 IPC, दिनांक 13.09.2022 को थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।**
बच्ची को CWC के आदेश से Holy Cross Home, धीरपुर, निरंकारी कॉलोनी, दिल्ली में रखा हुआ है।
हर संभव कोशिश के बाद भी इस बच्ची के परिवार का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इनके बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
DP/5008/N/2024

**थानाध्यक्ष**
**थाना कोतवाली, दिल्ली**
**फोन: 011-23977100, 8750870121, 9818363400**

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 73 दिनांक 24.04.24 धारा 346 IPC थाना लाखन माजरा जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- गीता
**पिता/पति का नाम**- पत्नी सन्नी
**पता**- गांव ईन्द्रगढ जिला रोहतक।
**उम्र**- 22 वर्ष
**कद**- 4 फुट 4 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल, काली आंखे, कानो में सोने के बाले व पैरों में चांदी की पजेब पहने है।
**पहनावा** – लाल रंग का सूट सलवार व पैरों में सैण्डल पहने हुए है।
दिनांक 24.04.24 को गीता पत्नी सन्नी निवासी ईन्द्रगढ जिला रोहतक थाना लाखनमाजरा रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना लाखनमाजरा रोहतक - 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना लाखनमाजरा रोहतक-9813054990

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 106 दिनांक 24.04.24 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस. जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- सन्दीप
**पिता/पति का नाम** - पुत्र हरदयाल
**पता** - 3155/13 नगर पालिका के सामने जिला रोहतक।
**उम्र**- 39 वर्ष
**कद**- 5 फुट व 8 फुट
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर काले बाल काली आंखे
**पहनावा**- नहीं पता।
दिनांक 24.04.24 को संदीप पुत्र हरदयाल सिंह निवासी 3155/13 नगर पालिका भवन के सामने जो वार्ड में ईलाज हेतू भर्ती था। अपनी फाईल को साथ लेकर बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक - 7082999121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक- 9728842301

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 117 दिनांक 25.04.24 धारा 346 IPC थाना बहुअकबरपुर जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- पूजा अपनी 08 साल की बेटी रिया के साथ
**पिता/पति का नाम**- पत्नी जलजीत
**पता**- गांव मौखरा खास जिला रोहतक।
**उम्र**- 29 वर्ष
**कद**- 05 फुट 06 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - जामनी रंग का सूट सलवार व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 25.04.24 को पूजा पत्नी जलजीत निवासी मौखरा खास जिला रोहतक थाना बहुअकबरपुर रोहतक अपनी 08 साल की बेटी रिया को अपने साथ लेकर बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना बहुअकबरपुर रोहतक - 7082999223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना बहुअकबरपुर रोहतक- 9466628481

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 126 दिनांक 25.04.24 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- विजेन्द्र
**पिता/पति का नाम** –
**पता** - गांव रुडकी जिला रोहतक।
**उम्र**- 36 वर्ष
**कद**- 5 फुट 6 ईंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे,
**पहनावा** - काली टी शर्ट व काला पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 25.04.24 को विजेन्द्र निवासी गांव रुडकी जिला रोहतक थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक- 7015737759

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 156 दिनांक 26.04.24 धारा 346 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- सोनम
**पिता/पति का नाम** - पुत्री राजेन्द्र
**पता**- गांव बसाना कलानौर जिला रोहतक।
**उम्र**- 20 वर्ष
**कद**- 5 फुट 1 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, BSC की छात्रा।
**पहनावा** - हरे रंग का सूट सलवार पहने हुए है।
दिनांक 26.04.24 को सोनम पुत्र राजेन्द्र निवासी बसाना कलानौर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 70155-96092

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 168 दिनांक 26.04.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- प्रिती
**पिता/पति का नाम** - पत्नी अमन
**पता** - सलारा महौल्ला जिला रोहतक।
**उम्र**- 38 वर्ष
**कद**- 5 फुट 1 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, बांए हाथ की कलाई पर AP गुदा हुआ।
**पहनावा** - जामुनी रंग का सूट सलवार व पैरों में काले रंग की फैन्सी लेडिज चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 26.04.24 को प्रिती पत्नी अमन निवासी सलारा महौल्ला जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक - 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9813568669

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 132 दिनांक 28.04.24 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक।




**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- मनोज
**पिता/पति का नाम** - पुत्र औमप्रकाश
**पता**- गांव रुडकी जिला रोहतक।
**उम्र**- 27 वर्ष
**कद**- 5 फुट 9 इंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, ।
**पहनावा** -सफेद शर्ट व काला लोवर व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 28.04.24 को मनोज पुत्र औमप्रकाश निवासी गांव रुडकी जिला रोहतक थाना आई.एम.टी जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी रोहतक- 9050978586

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 92 दिनांक 28.04.24 धारा 346 IPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- दिनेश यादव
**पिता/पति का नाम** – पुत्र
**पता** - माडल टाऊन जिला रोहतक।
**उम्र**- 40 वर्ष
**कद**- 5 फुट 10 ईंच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, सिर पर निशान चोट।
**पहनावा**- चैकदार शर्ट व नीले रंग की निक्कर व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 28.04.24 को दिनेश यादव निवासी माडल टाऊन जिला रोहतक थाना सिविल लाईन रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक - 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 9518204544

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 134 दिनांक 29.04.24 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- अनुप
**पिता/पति का नाम** – पुत्र शिव चरण
**पता** - मस्त नाथ नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 33 वर्ष
**कद**- 5 फुट 4 इंच
**हुलिया**- रंग गेहुआं, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, चेहरे पर दाढी मुछ रखे हुए है।।
**पहनावा** - काली शर्ट, नीले रंग की पजामी व पैरों से नंगे पैर है।
दिनांक 29.04.24 को अनुप पुत्र शिव चरण निवासी मस्त नाथ नगर जिला रोहतक थाना आई.एम.टी. बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना आई.एम.टी. रोहतक- 7082999124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी रोहतक- 9416407563

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 116 दिनांक 29.04.24 धारा 346 IPC थाना सदर जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- नीशु
**पिता/पति का नाम** - पुत्री कृष्ण
**पता**- गांव मकडौली कला जिला रोहतक।
**उम्र** -18 वर्ष
**कद**- 5 फुट 3 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले लम्बे बाल, काली आंखे, दाहिने हाथ के अंगूठे पर N गुदा हुआ।
**पहनावा** - पिंक रंग का सूट सलवार व चुन्नी व पैरों में जूती पहने हुए है।
दिनांक 29.04.24 को नीशु पुत्री कृष्ण निवासी गांव मकडौली कला जिला रोहतक थाना सदर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सदर रोहतक 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सदर रोहतक- 9813989995

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 248 दिनांक 29.04.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- कैलाश चन्द्र
**पिता/पति का नाम** -
**पता** - 1445/22 विजय नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 68 वर्ष
**कद**- 6 फुट
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल काली आंखे, ।
**पहनावा** - नहीं पता।
दिनांक 29.04.24 को कैलाश चन्द्र निवासी 1445/22 विजय नगर जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9466048800

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 294 दिनांक 30.04.24 धारा 365 IPC थाना शहर जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम**- अरमान
**पिता/पति का नाम** – पुत्र वशीम
**पता**- कच्ची गढी मौहल्ला जिला रोहतक।
**उम्र**- 16 वर्ष
**कद**- 4 फुट
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - गुलाबी रंग की शर्ट, जीन्स की पैन्ट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 30.04.24 को अरमान पुत्र वशीम कच्ची गढी मौहल्ला जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9992466009

पीआरडीएच-1084/11/2324/2025/26231/88/7 दि. 03.05.24

# मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर जमकर साधा निशान

# ये लोग बोलते थे कि राम थे ही नहीं, जब श्री रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर बन गया तो बोलते हैं सबके हैं राम

एजेंसी ▶▶ बरेली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फरीदपुर के रामलीला मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राम मंदिर का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि जो कभी नहीं हुआ, वो अब हुआ है।

रामलला का भव्य मंदिर बन गया है। अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग बना पाते क्या? ये लोग बोलते थे कि राम थे ही नहीं। जब राम मंदिर बन गया तो बोलते हैं राम सबके हैं। इन लोगों का दोहरा चरित्र है। चुनाव जब आएगा, तब आपके पास आएंगे। चुनाव के बाद पहचानेंगे भी नहीं। वह फिल्मी गाना है, मेरे अंगने में तुम्हारा क्या..., यही बोलेंगे। सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग झूठ बहुत बोलते हैं।

**खास बातें**

- योगी ने किया सवाल रामलला का भव्य मंदिर सपा, बसपा और कांग्रेस बना पाते क्या?
- कांग्रेस की सरकारें कहती थीं कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं।
- समाजवादी पार्टी के लोग कहते थे जय श्रीराम बोलोगे तो अंदर बंद कर देंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली के फरीदपुर में आंवला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।



## सपा और कांग्रेस पर जमकर बरसे

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले दुनिया में सम्मान नहीं था। आतंकवादी गतिविधियां बढ़ रही थीं। बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। लोग भूख से मरते थे। किसान आत्महत्या करता था। आस्था के साथ खिलवाड़ होता था। कांग्रेस की सरकारें कहती थीं कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। समाजवादी पार्टी के लोग कहते थे जय श्रीराम बोलोगे तो अंदर बंद कर देंगे। 2014 के बाद भारत देखिए। दुनिया में सम्मान बढ़ा है।

## सरकार के कामों को गिनाया

*सीएम योगी ने सरकार के कामों को गिनाया। कहा कि आज एक तरफ सुरक्षा और सम्मान है, दूसरी तरफ विकास और लोक कल्याण है। 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन मिल रहा है। आयुष्मान भारत के तहत लोगों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में यह भी व्यवस्था की है कि अगर कोई गरीब बीमार पड़ता है, आयुष्मान का कार्ड नहीं है या नहीं बन पाया है। अगर कोई विधायक, सांसद या भाजपा का कोई पदाधिकारी या पीड़ित भी पत्र भेज देता है तो सीधे लखनऊ से उनके जनधन खाते में पैसा भेजा जाता है। यह आपकी सरकार है। आप इसके मालिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले तो कांग्रेस, सपा और बसपा के लोग कैसे थे। रसोई गैस देते नहीं थे। केरोसिन ब्लैक हो जाता था। अगर पर्व और त्योहार के दिन किसी ने अपने घर में रसोई गैस का सिलेंडर रखा है और समाप्त हो गया। वह सिलेंडर लेने गया तो उसे मिलता नहीं था।*

## खबर संक्षेप

### पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री नागमणि गिरफ्तार



**चतरा।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री नागमणि शुक्रवार को नामांकन पर्चा दाखिल करने पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन पर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज है। वे पिछले 10 वर्षों से फरार चल रहे थे। इससे पहले पुलिस ने उन्हे कई जगह तलाशने की कोशिश की लेकिन वे सामने नहीं आए। बीते रोज जब नामांकन भरने पहुंचे तो पुलिस पहले से ही तैयारी करे बैठे थी। मौके पर पहुंचकर तत्काल पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### अंतर जिला गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार



**कटकमसांडी।** स्कूलों,पंचायत, अस्पताल तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर जिला चोर गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। कटकमसांडी तथा पदमा ओपी पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान छापेमारी कर गिरोह में अलग अलग गांव से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में बरही थाना के पदमा ओपी थाना क्षेत्र के सरैया डीह निवासी तुषार ठाकुर,लक्ष्मण मेहता, दोनई खुर्द निवासी विकास मेहता तथा पदमा गांव के रतन कुमार शामिल है।

### हिंदू धर्म को लेकर दिए गए बयानों से नाराजगी

# मौर्य का काफिला रोका...काले झंडे दिखाए,स्याही और जूता भी उछाला

एजेंसी ▶▶ आगरा

स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को देख आगरा में हंगामा हो गया। अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखाए और कार पर स्याही फेंक दी। इसके बाद डौकी में आयोजित जनसभा में जूता फेंक कर मारा गया।

आगरा में स्वामी प्रसाद मौर्य पर अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ता ने जूता फेंक दिया। यह वाकया शुक्रवार को आगरा के पास फतेहपुर सीकरी में तब हुआ, जब स्वामी मंच से भाषण दे रहे थे। जूता माइक पर लगा।

इससे पहले रास्ते में स्वामी के काफिले को रोकने की कोशिश भी की गई। कार्यकर्ताओं ने काले झंडे भी दिखाए। कार पर स्याही फेंकी। नारेबाजी के साथ स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगाए। पुलिस ने रोका तो कार्यकर्ता भड़क गए। बताया जा रहा है कि कार्यकर्ता स्वामी प्रसाद के हिंदू धर्म को लेकर दिए गए बयानों से नाराज हैं।

**खास बातें**

- समर्थकों ने पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी की पिटाई कर दी
- महासभा के कार्यकर्ताओं से पुलिस की तीखी तकरार हो गई





## पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के पक्ष में स्वामी प्रसाद जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सती मंदिर के पास हो रही सभा में आगे की कुर्सी पर बैठे युवक ने स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंक दिया। युवक ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। स्वामी प्रसाद के समर्थकों ने पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी को पिटाई कर दी। पुलिस ने भीड़ से किसी तरह युवक को बाहर निकाला और थाने ले गई।

## वापस जाओ के लगे नारे

फतहेबाद क्षेत्र में शुक्रवार को स्वामी प्रसाद मौर्य पहुंचे थे। उनके आगमन की जानकारी जैसे ही अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं को हुई तो वे एकजुट हो गए। फतेहाबाद चौराहे पर स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को रोक लिया गया। इस दौरान जोरदार नारेबाजी के साथ स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगाना शुरू हो गए। पुलिस ने किसी तरह कार्यकर्ताओं के रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा था। इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काला झंडा दिखाते हुए उनकी कार पर स्याही फेंक दी गई। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस आगे आई तो महासभा के कार्यकर्ताओं से तीखी तकरार हो गई। इस दौरान अखिल भारत हिंदू महासभा के संजय जाट, मनीष पंडित, सौरभ शर्मा, अंकित चौहान, बाबू भाई, मनीष कुमार, फतेहाबाद विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र महंत, राधेश्याम दास महाराज, शांति भाई, वीरेंद्र सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गर्मी की छुट्टी का बढ़ेगा आनंद

# जून लास्ट तक चलेंगी 50 स्पेशल ट्रेनें, वेटिंग से मुक्त

*जनरल टिकट लेकर भी यात्रा कर सकेंगे यात्री आसान हो जाएगा यात्रियों का रेल सफर*




एजेंसी ▶▶ मुरादाबाद

आपने गर्मियों की छुट्टियों में घूमने का प्लान बनाया है और कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है तो परेशान न हों। रेलवे जून के अंत तक लगभग 50 स्पेशल ट्रेनें चलाएगा। इनमें से कई ट्रेनों में यात्री जनरल टिकट लेकर भी सफर कर सकेंगे। टूर प्लान करने वालों के अलावा गरीब तबके के यात्रियों को भी इससे लाभ मिलेगा। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है। कुछ ट्रेनें आने वाले दिनों में शुरू की जाएंगी। हरिद्वार, ऋषिकेश, जम्मूतवी, श्री माता वैष्णो देवी, पूर्णा गिरी, काशी विश्वनाथ आदि जाने वाले यात्रियों को इससे आसानी होगी। जून के बाद मुरादाबाद व आसपास से अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालु निकलेंगे। रेलवे उनके लिए भी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ा सकता है।

**इन ट्रेनों से यात्रियों को मिलेगी राहत**

| ट्रेन नंबर | कहां से कहां तक | संचालन की तिथि |
|---|---|---|
| 04028-27 | आनंद विहार-सहरसा-आनंद विहार | 29 अप्रैल से 26 जून |
| 04010-09 | आनंद विहार-जोगबानी-आनंद विहार | 30 अप्रैल से 27 जून |
| 04058-57 | आनंद विहार-मुजफ्फरपुर-आनंद विहार | 29 अप्रैल से 28 जून |
| 04080-79 | दिल्ली-बनारस-दिल्ली | 27 अप्रैल से 30 जून |
| 05047-48 | बनारस-आनंदविहार-बनारस | 30 अप्रैल से 26 जून |
| 05023-24 | गोरखपुर-आनंद विहार-गोरखपुर | 28 अप्रैल से एक जुलाई |
| 05115-16 | छपरा-आनंद विहार-छपरा | एक मई में 27 जून |

## पेज एक का शेष

### खत्म पहेली...राहुल ....

शाह ने कहा कि राहुल के लांचिंग की बार-बार कोशिश फेल हो रही है। भाजपा रायबरेली व अमेठी दोनों सीटें जीतेगी। अमेठी से भाजपा की उम्मीदवार स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल मैदान छोड़ भागे। इस मौके पर प्रियंका ने कहा कि वे राहुल के रायबरेली से लड़ने से खुश हैं। शर्मा अमेठी से जीतने वाले उम्मीदवार हैं। उनका गांव-गांव देखा हुआ है। गौर हो कि राहुल केरल की वायनाड सीट से भी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछली बार वे वहां करीब 4 लाख वोटों से जीते थे। प्रियंका ने कहा कि हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। अब मौका आ गया है। ये आपका चुनाव है, आप लड़ेंगे, आप जिताएंगे। नामांकन से पहले राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यालय में पूजा की। इसके बाद काफिले के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने रायबरेली से योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया है, जबकि अमेठी से स्मृति ईरानी लड़ रही हैं। सात चरण में हो रहे लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में इन दोनों सीट पर 20 मई को मतदान होगा।

### शाह बोले- सोनिया ...

सत्ता में बैठाने के लिए राजनीति करने वाले लोग देश की जनता का कभी भला नहीं कर सकते। पूरे देश के युवाओं का भला सिर्फ गरीब घर से आए प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं। मैं राहुल गांधी को बताना चाहता हूं कि रायबरेली में भी भाजपा का उम्मीदवार ही जीतेगा। शाह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी, लेकिन इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा।

### स्मृति ने कहा- कांग्रेस ...

कह रहे थे कि वो अमेठी से लड़ेंगे। लेकिन वो तो इतना डर गए हैं कि वायनाड से भागकर रायबरेली पहुंच गए हैं। वो देशभर में घूम-घूमकर कहते हैं कि डरो मत... डरो मत. आज मैं भी कहना चाहता हूं कि डरो मत... भागो मत। वहीं, केंद्रीय मंत्री और अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने पहले ही उस निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया था। उन्होंने कहा कि अमेठी में गांधी परिवार का चुनाव मैदान में मौजूद न होना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस ने सीट पर मतदान से पहले ही अमेठी में अपनी हार स्वीकार कर ली है।

### सीएम डॉ. यादव बोलेः ...

है। पिछले चुनाव में 5 विधानसभा में 4 में जमानत जब्त कराई। मैं अभी वहां दौरा करके आया हूं। नामांकन भराने मैं खुद गया था। यूपी का माहौल मोदीमय हो चुका है। पुराना रिकॉर्ड भी हम तोड़ने जा रहे हैं। राहुल गांधी अमेठी की बजाए अब रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं। वहां से भी निश्चित ही राहुल गांधी की हार होने वाली है। कांग्रेस ने जितने विकास में अवरोध पैदा किए, मोदी जी के बारे में जितनी हल्की बातें की उन सभी बातों का हिसाब देना पड़ेगा। प्रियंका ने तो पहले ही, हमारी भाषा में कहें तो रण के पहले ही रण-छोड़ हो गई।

### अयोध्या पहुंचे ...

शहनाई के साथ नाचते गाते जय श्री राम के जयकारे लगाते यह पाकिस्तानी राम भक्त सभी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### सुरक्षा का मूल्यांकन...

पाने की प्रक्रिया के तहत कोवैक्सीन का 27 हजार लोगों पर ट्रायल किया गया था। कंपनी ने कहा कि कोवैक्सीन की सुरक्षा का मूल्यांकन खुद देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया था। कोवैक्सिन बनाने से लगाने तक लगातार इसकी सेफ्टी मॉनिटरिंग की गई थी। उन्होंने आगे कहा कि अब तक कोवैक्सिन को लेकर ब्लड क्लॉटिंग, थ्रॉम्बोसाइटोपीनिया, टीटीएस, वीआईटीटी, पेरिकार्डिटिस, मायोकार्डिटिस जैसी किसी भी बीमारी का कोई मामला सामने नहीं आया है।

### कर्नाटक में यौन ...

रेवन्ना के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया गया है। शिकायत के मुताबिक, अपहरणकर्ता बबन्ना ने शुरू में एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना के समन के बहाने महिला को अपने साथ जाने के लिए मना लिया।

# रेलवे की भूमि पर लगे यूकेलिप्टस में लगी भीषण आग



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मोहनलालगंज में रेलवे की भूमि पर लगी भीषण आग में हड़कंप मच गया। आग यूकेलिप्टस की बाग में लगी। आग बुझाने का काम जारी है। रेलवे स्टेशन के ठीक बगल में रेलवे की भूमि पर लगे यूकेलिप्टस की बाग में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग विकराल हो गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की पांच गाडियों से रेलवे की पच्चीस हजार वोल्टेज की हाईटेंशन लाइन व रेलवे स्टेशन को बचाने की कवायद जारी है। अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। तहसीलदार समेत पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है लेकिन रेलवे का कोई अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं है। रेलवे स्टेशन के बगल में यूकेलिप्टस की बाग में आग लगी है।





# जॉन अब्राहम ने फैन को गिफ्ट किए महंगे जूते

**नई दिल्ली।** जॉन अब्राहम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें जॉन का एक फैन उनसे मिलने के लिए आया था। यह फैन उनके लिए एक केक लेकर आया था। जॉन ने पहले केक काटा और उसके बाद अपने फैन को एक सरप्राइज दिया। जॉन ने अपने एक बाइकर शू फैन को गिफ्ट किए। वह फैन तुरंत अपने जूते उतारकर जॉन के गिफ्ट किए जूते पहनने लगता है। वह पहन तो लेता है लेकिन जूते के स्टैप्स को ठीक से बांध नहीं पाता। जब जॉन की नजर इस पर पड़ती है तो वह तुरंत नीचे बैठकर उसके जूते का स्ट्रैप बांधने लगते हैं। जॉन को ऐसा करते देख फैन भी काफी हैरान रह जाता है।



लाइफ Style

# जाह्नवी

## मेरे बचपन के घर में रह सकते हैं आप भी

जाह्नवी कपूर के फैंस दीवाने हैं। उनकी एक्टिंग के साथ लुक्स पर भी फैंस मर मिटते हैं। जाह्नवी का बचपन चेन्नई में बीता है। उनका चेन्नई वाला घर बेहद खूबसूरत है। इस घर से जाह्नवी की कई यादें जुड़ी हुई हैं। उनकी मां श्रीदेवी से जुड़ी हुई खासकर।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अब जाह्नवी के इस लग्जीरियस घर में रहने का मौका आपको भी मिल सकते है। इसका ऑफर एक प्लेटफार्म पर दिया गया है। जी हां अब एयरबीएनबी से आप जाह्नवी कपूर का चेन्नई वाला घर रहने के लिए बुक कर सकते हैं। एयरबीएनबी ने जाह्नवी के घर की झलक अपनी साइट पर दिखाई है। उन्होंने घर के अंदर की फोटोज शेयर की हैं, जिसमें घर का हर कोना दिखाया गया है। जिसे देखने के बाद आपके मुंह से बस निकलेगा वाओ। जाह्नवी के इस घर को एक दम नया जैसा बना दिया गया है। ये घर 4 एकड़ में बना हुआ है। इसकी खास बात ये है कि इसका फुटबॉल ग्राउंड ही 1.3 एकड़ में बना हुआ है। अगर आप इस घर की तस्वीरें देखेंगे तो इसके आगे आपको शाहरुख खान का मन्नत कुछ भी नहीं लगेगा।

साइट पर बताया गया है कि जाह्नवी दो मेहमानों का स्वागत करेंगी, जिन्हें 1 बेडरूम और बाथरूम की सुविधा मिलेगी। यह 12 मई को बुकिंग के लिए खुला रहेगा। एक बार जब जाह्नवी गेस्ट सिलेक्ट कर लेंगी तो उन सिलेक्टिड मेहमानों को साउथ इंडियन क्यूज़ीन खाने का मौका मिलेगा। इतना ही नहीं, उन्हें जाह्नवी के फेवरेट लोकर फूड जैसे घी पोडी चावल और पालकोवा का भी आनंद लेने का मौका मिलेगा।

हॉलीवुड मसाला



# 12 बार फिल्मों में बने 'गॉडज़िला'

हाल ही में सिनमेघरों में 'गॉडजिला एक्स कॉन्गः द न्यू एम्पायर' रिलीज हुई, जिसने भारत के बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। हारुओ नाकाजिमा एक या दो नहीं बल्कि 12 फिल्मों में 'गॉडजिला' का किरदार निभाया है। ये एक जापानी एक्टर हैं जिन्होंने पहली बार बड़े पर्दे पर गॉडज़िला का किरदार निभाया। इसी फिल्म के किरदार से वह खूब पॉप्युलर भी हुए। पहली बार हारुओ नाकाजिमा ने साल में आई फिल्म 'गॉडज़िला' में नजर आए थे, जिसके लिए उन्होंने 220 पाउंड का कॉन्क्रीट बॉडीसूट पहना था।



# हंसल मेहता की सीरीज 'गांधी में 'हैरी पॉटर' के अभिनेता की एंट्री

नई दिल्ली। हंसल मेहता की बहुप्रतीक्षित सीरीज 'गांधी'में मशहूर हॉलीवुड फिल्म 'हैरी पॉटर' के अभिनेता टॉम फेल्टन की एंट्री हो चुकी है। गुरुवार को फिल्म निर्माताओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। अभिनेता टॉम फेल्टन 'हैरी पॉटर' जैसी फिल्म में अपने अभिनय से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर हुए। 'हैरी पॉटर' फिल्म जे. के. रोलिंग की बेस्ट सेलिंग किताब की सीरीज पर आधारित है। भारत में भी 'हैरी पॉटर' के प्रशंसकों की बड़ी तादाद है। खासकर बच्चों में इस फिल्म को लेकर काफी उत्साह है। हंसल मेहता ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर यह जानकारी साझा की। मेहता ने पोस्ट कर लिखा, 'हमारी शूटिंग चल रही है। अंतर्राष्ट्रीय कलाकार टॉम फेल्टन, लिब्बी माई, मौली राइट, राल्फ एडेनियि, जेम्स मरे, लिंडन अलेक्जेंडर, जोनो डेविस, साइमन लेनन आदि के साथ काम कर के मैं बेहद रोमांचित हूं।'



# तीस साल बाद सामने आया कोल्ड वॉर

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक्ट्रेसेस के बीच कैट फाइट के कई किस्से हैं। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में श्रीदेवी से लेकर शिल्पा शेट्टी और रवीना टंडन तक कई विवाद हैं। मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के दौरान ऐश्वर्या राय बच्चन और सुष्मिता सेन के बीच बहस होने की खबर आई थी। इन दोनों के बीच आखिर क्या विवाद था और ये एक-दूसरे से बात क्यों नहीं कर रहे हैं, इसकी कोई वजह सामने नहीं आई। आज 30 साल बाद ऐश्वर्या राय और सुष्मिता सेन के बीच विवाद का सच सामने आया है। मानिनी ने साफ कहा कि दोनों के बीच कोई विवाद नहीं था। दोनों के बीच विवाद मीडिया ने पैदा किया है। प्रतियोगिता के दौरान वे दोनों एक-दूसरे से बात करते थे और एक-दूसरे के साथ सम्मान से पेश आते थे। उस समय ऐश्वर्या राय पहले से ही एक साबुन ब्रांड के लिए मॉडल थीं।



# दिलवाले ने बचाया था डूबता करियर

**नई दिल्ली।** अजय देवगन बॉलीवुड के टॉप कलाकारों में से एक हैं। इस साल भी वह दो फिल्म शैतान और मैदान में नजर आ चुके हैं। शैतान ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई भी की है। अजय देवगन बॉलीवुड के उन कलाकारों में से एक उनकी फिल्मों का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया जब वह बैक टू बैक फ्लॉप से परेशान हो गए थे। इतना ही नहीं, उनका करियर डूबने की कगार पर था, लेकिन एक फिल्म ने उनके करियर को रातों-रात बदल डाला. इस फिल्म का नाम दिलवाले हैं। यह फिल्म साल 1994 में आई थी। इस फिल्म में अजय देवगन के साथ सुनील शेट्टी, रवीना टंडन और परेश रावल सहित कई कलाकार मुख्य भूमिका में थे। फिल्म में अजय देवगन की एक्टिंग को देख फैंस भी हैरान हो गए थे।

टीवी मसाला



# बच्चे ने कहा 'आंटी', सुनकर हंस पड़ीं माधुरी दीक्षित

**नई दिल्ली।** माधुरी दीक्षित इन दिनों बॉलीवुड मूवीज से भले ही दूर हों, लेकिन कलर्स टीवी के डांस रियलिटी शो डांस दीवाने में वह फैंस को जरूर एंटरटेन कर रही हैं। शो से उनके वीडियो अक्सर सामने आते हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद करते हुए नजर आते हैं। इसी बीच एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस को एक बच्चा लोगों के सामने आंटी कहता हुआ नजर आ रहा है। वहीं यह सुनते ही एक्ट्रेस का रिएक्शन काफी वायरल हो रहा है। माधुरी दीक्षित डांस दीवाने शो के सेट पर आती हैं। तभी अचानक एक महिला उनसे कहती है कि मेरा बेटा आपसे मिलना चाहता है। बच्चा आता है और महिला उसे आंटी को हैलो कहने के लिए कहती है। इसे सुनकर एक्ट्रेस हंस पड़ती हैं। माधुरी दीक्षित एथनिक आउटफिट में नजर आती हैं, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लगती हैं। गौरतलब है कि 1984 में अबोध फिल्म से एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद वह ड्रामा आवारा बाप और स्वाति जैसे शोज में नजर आईं। वहीं उन्हें दिल तो पागल है, देवदास, हम आपके हैं कौन, दिल और कोयला जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। जबकि उन्हें 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में गिना जाता है।

# 10 बजे के बाद कपिल शर्मा का फोन ले लेती हैं पत्नी गिन्नी

नई दिल्ली। कपिल शर्मा कॉमेडी की किंग कहे जाते हैं। कपिल रोते हुए को भी हंसाने का हुनर रखते हैं। कपिल की फैन फॉलोइंग भी काफी तगड़ी है। इन दिनों कॉमेडियन अपने नए शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। कपिल का ये शो दर्शकों को खूब एंटरटेन कर रहा है। सबका



इंटरव्यू लेने वाले कपिल का इस बार इंटरव्यू लिया गया है, जिसमें उन्होंने अपने कई राज खोले हैं। हाल ही में कपिल शो आपकी अदालत में पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपनी निजी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले। कपिल ने इस इंटरव्यू में खुलासा करते हुए बताया है कि उनकी पत्नी गिन्नी हर रोज रात के 10 बजे के बाद उनका फोन ले लेती हैं। कॉमेडियन ने इसके पीछे की वजह भी बताई है। सुना है कि रात को 10 बजे के बाद आपकी वाइफ आपका फोन रख लेती हैं, इसके जवाब में कपिल मजाकिया अंदाज में कहते हैं कि- ये स्टेटमेंट में थोड़ी सी करेक्ट करना चाहूंगा। रोज 10 बजे के बाद नहीं कभी-कभी जब मेरे 11. 30 बजते हैं। तब वो फोन अपने पास रखती हैं क्योंकि उसको पता है कि मैं फिर कुछ गड़बड़ कर दूंगा, इसलिए ही मैं कह रहा था शादी कर लेनी चाहिए।

# बॉबी ने दिल्ली का सुल्तान बनकर उड़ाए होश

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा के बेहद लोकप्रिय और सबसे अधिक मांग वाले सितारों में से एक पवन कल्याण ने अपने शानदार करियर में पहली बार पीरियड एक्शन एडवेंचर, हरि हर वीरमल्लु में काम करने का फैसला किया है। निर्माता एएम रत्नम अपने प्रतिष्ठित मेगा सूर्या प्रोडक्शंस पर पहले कभी न देखे गए कैनवास पर फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की कहानी 17वीं शताब्दी के एक शख्स की है जो शोषण के खिलाफ आवाज उठाता है।



'हरि हर वीरमल्लु' का हिंदी टीजर हुआ रिलीज

फिल्म के बड़े बजट में शूट किया गया है और इसकी शूटिंग के लिए चारमीनार, लाल किला और मछलीपट्टनम बंदरगाह जैसे विशाल सेट बनाए गए. हरि हर वीरमल्लु हिंदी टीजर रिलीज हो गया है। इस टीजर को नाम दिया गया है, 'हरि हर वीरमल्लुः स्वॉर्ड वर्सेज स्पिरिट.' फिल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल दिल्ली के सुल्तान के किरदार में नजर आ रहे हैं। टीजर में, निर्माताओं ने पवन कल्याण उर्फ हरि हरि हर वीरमल्लु के चरित्र को 'अकेला योद्धा' के रूप में वर्णित किया है, जो उस भूमि में 'न्याय के लिए युद्ध लड़ता है' जहां गरीबों का शोषण होता है और अमीर पनपते हैं। फिल्म में म्यूजिक एमएम कीरावनी का है। मुगल सम्राट के रूप में बॉबी देओल हैं और गरीबों और पीड़ितों के नायक के रूप में पवन कल्याण हैं। दोनों सितारों की शारीरिक भाषा, उनके लिए डिजाइन किया गया लुक दोनों ही कमाल के हैं।

निर्देशक कृष जगरलामुडी पहले ही कांचे, गौतमीपुत्र सातकर्णी और मणिकर्णिका जैसी यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके हैं, जिसमें उन नायकों को दिखाया गया है।



फिल्म श्रीकांत का एक और रोमांटिक गाना

# 'तुम्हें ही अपना माना है' गाना रिलीज

**नई दिल्ली।** फिल्म 'श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने' के गानों ने फैंस को अपनी ओर आकर्षित किया है। फिल्म का एक और रोमांटिक सॉन्ग 'तुम्हें ही अपना माना है... रिलीज कर दिया गया है। इस गाने को दृष्टिबाधित उद्योगपति श्रीकांत बोला के रूप में (राजकुमार राव) और उनकी प्यारी पत्नी स्वाति (अलाया एफ) पर फिल्माया गया है। दोनों के प्यार और उनके बीच के रिश्तों की कठिनाइयों को दर्शाया गया। इस रोमांटिक गाने को सचेत और परंपरा टंडन ने गाया और कम्पोज़ड किया है। इस गाने को योगेश दुबे ने लिखा गया है। 'तुम्हें ही अपना मानना है...' में श्रीकांत और स्वाति के बीच अटूट समर्थन और प्रोत्साहन को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इस फिल्म में राजकुमार राव के साथ ज्योतिका, अलाया एफ और शरद केलकर नज़र आएंगे। यह फिल्म 10 मई 2024 को देशभर में रिलीज होगी।



# नरगिस की याद में बर्बाद हो गए थे राज कपूर

## शराब पीकर सिगरेट से खुद को जलाते, रातभर रोते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्मों की शूटिंग के दौरान एक्टर और एक्ट्रेसेस के बीच अफेयर्स के किस्से आम हैं. लेकिन उन अफवाहों में कुछ ऐसी लव स्टोरीज बाहर निकलकर आती हैं जो सच्ची होती हैं। कुछ की जोड़ी हमेशा के लिए एक हो जाती है तो कई साथ होकर भी बिछड़ जाते हैं। उनमें से एक थी राज कपूर और नरगिस की जोड़ी जो 40 और 50 के दशक में खूब सुर्खियों में रही लेकिन 60 का दशक आते-आते खत्म हो गई। राज कपूर किसी फिल्म की शूटिंग के लिए नरगिस की मां से मिलने उनके घर गए, जहां उन्होंने पहली बार नरगिस को देखा था। राज कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म आग में नरगिस को साइन कर लिया। वहां से उनके बीच की कहानी शुरू हुई जिसका दर्दनाक अंत हुआ।



### नरगिस और राज कपूर का रिश्ता क्यों टूटा?

राज कपूर के प्यार में नरगिस ने उनके हर फैसले को माना, लेकिन उन्होंने सिर्फ आरके स्टूडियो में काम करने के फैसले पर अफसोस जताया। काम के नाम पर उनके पास सिर्फ आरके स्टूडियो की फिल्म श्री 420 ही थी। साल 1954 में राज कपूर और नरगिस एक साथ सोवियत संघ गए जिनके साथ दिलीप कुमार और देव आनंद जैसे कलाकार भी थे। उस दौरान पहली बार नरगिस को एहसास हुआ कि उन्होंने कुछ गलतियां कर दी हैं। सिमी ग्रेवाल को दिए एक इंटरव्यू में नरगिस ने कहा था, 'सोवियत संघ में जब मेरा वेलकम राज कपूर के साथ वैसा नहीं हुआ जैसा होना चाहिए था तब वो बात मुझे खटकी।'

### नरगिस और राज कपूर की लव स्टोरी

शादीशुदा राज कपूर पहली ही नजर में नरगिस पर दिल हार बैठे थे। उन्होंने नरगिस को फिल्म आग (1948) में इस वजह से ही लिया था जिससे उनकी पहचान आगे बढ़ सके। ये फिल्म तो खास नहीं चली लेकिन अगली फिल्म बरसात (1949) ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया. नरगिस और राज कपूर की जोड़ी हिट हुई। साथ ही इनकी प्रेम कहानी का भी आगाज हुआ. राज कपूर शादीशुदा हैं ये जानते हुए भी नरगिस ने उनसे प्यार किया और निभाने की भी पूरी कोशिश की। उस दौर में नरगिस और राज कपूर एक-दूसरे से बहुत प्यार करते थे। मधु जैन की किताब 'द कपूर्स' के मुताबिक, जब राज कपूर के घर में नरगिस के बारे में पता चला तो हंगामा हुआ लेकिन राज कपूर ने अपने पिता से वादा किया कि वो अपनी पत्नी कृष्णा को कभी नहीं छोड़ेंगे लेकिन नरगिस से उनका प्यार सच्चा है। उधर नरगिस के भाई अख्तर हुसैन ने भी इस रिश्ते से आपत्ति जताई, क्योंकि राज कपूर शादीशिदा थे लेकिन नरगिस भी किसी की नहीं मानीं। नरगिस राज कपूर के प्यार के किस्से उस दौर में ओपेन हो चुका था और कुछ समय के बाद वो दोनों लिव इन में भी रहने लगे थे। 'द कपूर्स' के मुताबिक, राज कपूर की वाइफ कृष्णा ने कहा था कि वो रात-रातभर राज का इंतजार करती थीं लेकिन वो एक रात छोड़ अगले दिन घर आते वो भी शराब के नशे में और आते ही सो जाते थे। हर बात से बेखबर नरगिस और राज कपूर अपने रिश्ते को पूरा-पूरा समय देने लगे। फिल्में भी दोनों साथ करते साल 1948 में राज कपूर ने आरके स्टूडियो बनाया, जिसका लोगो राज और नरगिस की फिल्म आग का एक पोज था। आरके स्टूडियो को नरगिस भी अपना मानती थीं और उनकी कमाई का हिस्सा यहां बनने वाली फिल्मों में लगने लगा था।

# शाह की क्लास के बाद भाजपा ने झोंकी ताकत, कांग्रेस को एकजुट करने में सफल गुड्डू राजा




## कांग्रेस प्रत्याशी ने नाप डाला हेलीकाप्टर से क्षेत्र

## भाजपा को मिल रहा है महिला प्रत्याशी का फायदा

## क्षेत्र में चल रहा स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा

## ठाकुरों की नाराजगी भुनाने की कोशिश में कांग्रेस

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बुंदेलखंड अंचल की 4 में से 3 लोकसभा सीटों के लिए दूसरे चरण में चुनाव हो चुका है। शेष सागर लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को मतदान होगा। चुनाव के प्रारंभ में भाजपा में उदासीनता दिख रही थी, लेकिन केंद्रीय मंत्री गृह मंत्री अमित शाह के भोपाल में क्लास लेने के बाद सागर जिले के सभी विधायक, नेता और मंत्री सक्रिय हो गए हैं। इसी प्रकार कांग्रेस में नेता घर बैठे थे। उन्हें सक्रिय करने के लिए प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह गुड्डू राजा बुंदेला को प्रचार अभियान में जुटने की बजाय मान-मनौव्वल में समय बरबाद करना पड़ रहा था।

अब कांग्रेस में भी सभी नेता एकजुट होकर प्रचार अभियान में जुट गए हैं। सागर लोकसभा सीट लंबे समय से भाजपा के कब्जे में है। वह पार्टी का गढ़ बन चुकी है। इस चुनाव में भी भाजपा का पलड़ा भारी दिख रहा है। कांग्रेस मुकाबले में रहने की कोशिश कर रही है।


लता वानखेड़े


चंद्रभूषण सिंह गुड्डू राजा बुंदेला

### भाजपा के साथ महिलाएं, कांग्रेस दलितों, क्षत्रियों के भरोसे

*लता वानखेड़े के महिला होने, महिला मोर्चा और महिला आयोग के अध्यक्ष का दायित्व निभा चुकने के कारण क्षेत्र की महिलाएं भाजपा के साथ लामबंद दिखाई पड़ रही हैं। जगह-जगह महिलाओं के बड़े सम्मेलन हो चुके हैं। इनमें भाजपा के बड़े नेताओं ने शिरकत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सागर में सभा हो चुकी है। उन्होंने दलितों के सम्मेलनों को खासतौर पर संबोधित किया था, इसलिए भी क्योंकि कांग्रेस की ताकत दलित हैं। कांग्रेस को दूसरी उम्मीद दांगी ठाकुरों से है। भाजपा ने इस समाज के सांसद राजबहादुर सिंह का टिकट काट कर लता वानखेड़े को दिया है। इससे समाज भाजपा से नाराज है। हालांकि भूपेंद्र सिंह और गोविंद सिंह राजपूत समाज को साध रहे हैं।*

### विदिशा के लिए लता स्थानीय जैसी

*लता वानखेड़े प्रदेश संगठन में उपाध्यक्ष रही हैं। इस नाते उन्हें विदिशा जिले का प्रभारी बनाया गया था। सागर लोकसभा सीट के तहत विदिशा जिले के भी तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं। प्रभारी रहते उन्होंने यहां काम किया है। इसलिए विदिशा के लिए भी वे स्थानीय जैसी हैं। दूसरी तरफ कांग्रेस के गुड्डू राजा का विदिशा जिले में कोई संपर्क नहीं है। पिछले चुनावों में भी लोकसभा क्षेत्र का प्रत्याशी सागर जिले से ही होता था। वह विदिशा जिले के लिए बाहरी जैसा होता था। लेकिन इस बार लता वानखेड़े यहां के लिए अननोन नहीं हैं। अमित शाह की क्लास का असर है ही, विदिशा में भी भाजपा के सभी नेता प्रचार कर रहे हैं और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की कोशिश भी।*

### इसलिए गुड्डू राजा पर भारी पड़ रहीं लता वानखेड़े

कांग्रेस के गुड्डू राजा बुंदेला पर भाजपा की लता वानखेड़े भारी पड़ रही हैं। इसकी पहली वजह यही है कि गुड्डू बाहरी सीमा से सटे उप्र के ललितपुर जिले से हैं, जबकि लता वानखेड़े सागर की स्थानीय। दूसरा, लता वानखेड़े भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष के साथ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष भी रही हैं। उन्होंने महिलाओं के बीच काम किया है। वे सागर की मकरोनिया नगर पालिका में पहले पंच और इसके बाद तीन बार सरपंच रही हैं। इस नाते उन्हें जमीनी हकीकत मालूम है। दूसरी तरफ कांग्रेस के गुड्डू राजा उप्र में जरूर चुनाव लड़े, लेकिन मप्र में किसी पद पर नहीं रहे, न ही मैदान में काम किया। वे विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। उन्हें ललितपुर सीमा से लगे खुरई क्षेत्र से सबसे ज्यादा उम्मीद थी, लेकिन क्षेत्र में कद्दावर नेता अरुणोदय चौबे चुनाव के बीच कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह का इस क्षेत्र में पहले से व्यापक असर है, लिहाजा कांग्रेस को जरूरी समर्थन नहीं मिल पा रहा है।

### गुड्डू का हेलीकॉप्टर से दौरा लता कर रहीं कंजूसी

प्रचार अभियान में खर्च के लिहाज से कांग्रेस के गुड्डू राजा भाजपा की लता पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। उन्होंने व्यक्तिगत हेलीकाप्टर लेकर पूरे क्षेत्र में लगभग हर बड़े गांव और कस्बे का दौरा पूरा कर लिया है। प्रचार में लगे नेताओं और टीम को भी वे धन की कमी नहीं आने दे रहे। दूसरी तरफ सागर में पार्टी कार्यकताओं के अंदर चर्चा है कि लता वानखेड़े ने मान लिया है कि जीत उनकी ही होना है। इसकी वजह से वे खर्च में कंजूसी बरतने लगी हैं। ये आरोप भी लग रहे हैं कि चुनाव में उन्हें खूब चंदा मिल रहा है, जिसे वे बचा रही हैं। वैसे भी क्षेत्र में 8 में से 7 विधायक भाजपा के हैं और कांग्रेस का सिर्फ एक। भाजपा विधायकों में भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र जैन और गोविंद सिंह राजपूत जैसे दिग्गज शामिल हैं। ये खुद अपना खर्च कर प्रचार कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता तंगी से परेशान दिख रहे हैं।

---

## मुख्यमंत्री ने देवास, राजगढ़, सागर, लोकसभा क्षेत्रों में की जनसभाएं

# कांग्रेसी न राम के हुए, न राष्ट्र के हुए: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

उज्जैन में कार्यकर्ता सम्मेलन व संत समागम में हुए शामिल

सीएम ने कहा- मध्यप्रदेश का दिग्विजय सिंह ने किया था बंटाढार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को उज्जैन उत्तर विधानसभा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संत समागम में शिरकत करने के साथ ही देवास, राजगढ़, सागर, लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया।

जनसभाओं में मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि कांग्रेसी न राम के हुए न राष्ट्र के हुए और राज्य का तो पहले ही दिग्विजय सिंह ने बंटाढार कर दिया। अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बन गया तो कांग्रेस को लगा कि उनका वोट बैंक लुट गया है। इसके लिए वे 70 वर्षों तक श्रीराम मंदिर निर्माण में अड़ंगा लगाते रहे। यह चुनाव सनातन संस्कृति और सनातन संस्कृति को गाली देने वालों के बीच में है। कोरोना काल में जब हर तरफ हाहाकार मचा हुआ था, उस समय हनुमान भक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों की जान बचाई।



### राष्ट्रवादी विचारधारा का समर्थक है बोहरा समाज

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जावरा पहुंचकर बोहरा समाज के 53वें धर्म गुरू सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब से मुलाकात की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने ताल नाका स्थित मुस्तफा तेलवाला के निवास पर पहुंचकर सैयदना साहब से आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने सैयदना साहब का मप्र सरकार की ओर से स्वागत करते हुए कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सैयदना साहब का बहुत आशीर्वाद है। समूचा बोहरा समाज राष्ट्रवादी विचारधारा का समर्थक है। बोहरा समाज देश भक्त होने के साथ आर्थिक रूप से समृद्ध भी है। समाज के लोगों के रोम-रोम में व्यापार-व्यवसाय के साथ भारत की जड़ों से जुडकर देश की सेवा करने का जज्बा है।

### मुख्यमंत्री ने नरेला विधानसभा में रोड शो कर मांगा जनता से मांगा आशीर्वाद



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को नरेला विधानसभा में ढाई किमी लंबा रोड शो किया। आचार संहिता को सम्मान देते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रात्रि 10 बजे के पूर्व उपस्थित जनसमुदाय से रथ से उतरकर पैदल चलते हुए लोकसभा चुनाव में समर्थन मांगा। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ रथ पर सवार होकर प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग ने जनता का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्थानीय ओल्ड सुभाष नगर खेल मैदान से पंजाबी बाग, गुप्ता कॉलोनी, नेहरू चौराहा, परिहार चौराहा होते हुए विवेकानंद चौराहे तक खुले रथ पर सवार होकर जनता का अभिवादन किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा। रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की सड़कें भगवामय हो गई। जनता ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के नारों के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत किया।*

---

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अग्रवाल ने बोला हमला

# कांग्रेस का मूल चरित्र ही महिला विरोधी, जीतू की मानसिकता घृणित

» आशीष ने कहा-जीतू पटवारी की भाजपा दलित नेत्री के प्रति घटिया सोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की घृणित मानसिकता पर तीखा हमला किया है।



उन्होंने कहा कि पटवारी व कांग्रेसी महिलाओं में रस ढूंढ़ते हैं। जिन जीतू पटवारी को भाजपा की एक दलित नेत्री में रस कम नजर आता है, क्या वही जीतू पटवारी सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी को भी इस नजर से ही देखते हैं? अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट में कहा कि ऐसा क्यों है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महिलाओं को अपमानित करने के लिए गिरे से गिरे हुए शब्द ढूंढकर लाते हैं।

महिलाएं दिग्विजय सिंह को टंच माल, कमलनाथ को आइटम नजर आती हैं और इनका अनुसरण करते हुए जीतू पटवारी उनमें रस और चाशनी ढूंढ रहे हैं। कांग्रेस का मूलचरित्र ही महिला विरोधी है। जीतू पटवारी की इस घृणित और निंदनीय मानसिकता पर "लड़की हूं लड़ सकती हूं" का नारा देने वाली प्रियंका गांधी क्या राय रखती हैं?

---

बुजुर्गों और महिलाओं से आशीर्वाद मांगा, लोगों ने सुनीं समस्याएं

# दक्षिण-पश्चिम विस में निकला कांग्रेस प्रत्याशी श्रीवास्तव का रोड शो, जनसंपर्क भी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव ने गुरुवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया और रोड शो निकाला। रोड शो और जनसंपर्क की शुरुआत राजीव चौक, अरेरा पेट्रोल पंप से हुई।

माता मंदिर स्थित प्लेटिनम प्लाजा पर नुक्कड़ सभा को अरुण श्रीवास्तव ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भोपाल में स्मार्ट सिटी के नाम पर लाखों पेड़ काट दिए गए, कर्मचारियों को बेदखल कर दिया गया। इसमें भारी भ्रष्टाचार भी हुआ। रोजगार की स्थिति खराब है। रोड शो में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, पार्षद गुड्डू चौहान, आशीष श्रीवास्तव व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### भोपाल में रोजगार की स्थिति खराब

अरुण श्रीवास्तव ने जनसंपर्क के दौरान बुजुर्गों और महिलाओं से आशीर्वाद मांगा। लोगों ने उन्हें समस्याएं सुनाईं। श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले कई वर्षों से भोपाल को सक्रिय सांसद नहीं मिला, जबकि वह पिछले तीन दशकों से अधिक समय से लोगों के बीच जा रहे हैं। उनकी माता जिला व जनपद पंचायत अध्यक्ष रहीं, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों का विकास किया।

---

*शराब घोटाला मामलाः ईडी ने की बड़ी कार्रवाई*

# अनिल टुटेजा और ढेबर की 205 करोड़ की संपत्ति सीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने शराब घोटाले मामले में गिरफ्तार आरोपियों की प्रॉपर्टी अटैच की है।

इसमें पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर की करोड़ों की प्रॉपर्टी को अटैच किया गया है। ईडी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, 18 करोड़ रुपए मूल्य की 18 चल और 161 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। छत्तीसगढ़ राज्य में शराब घोटाले की चल रही जांच में अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर समेत अन्य से संबंधित लगभग 205.49 करोड़ की प्रॉपर्टी को सीज किया गया है।

---

# सब्जी लेकर अपने गांव जा रहे बाइक सवार को बस ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर

बलरामपुर रामानुजगंज जिले में आज सुबह 11 बजे के करीब रामानुजगंज से सब्जी लेकर अपने गांव धनगांव बाइक से जा रहे युवक की टक्कर विपरीत दिशा से आ रही यात्री बस से राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर वन विभाग के पुराने लकड़ी डिपो के समीप हो गई, जिससे युवक के सिर में गंभीर चोट लगी जिसे एंबुलेंस से 100 बिस्तर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धनगांव के मृणाल मंडल पिता केना मंडल (30) शुक्रवार सुबह सब्जी लेने रामानुजगंज आया था। जो अपनी बाइक में सब्जी पीछे बांधकर वापस अपने गांव सुबह 11 बजे के करीब आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से यात्री बस रणवीर आ रही थी, जिससे टक्कर हो जाने के बाद मृणाल के सिर में गंभीर चोट लगी। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई वही मृणाल को एंबुलेंस से 100 बिस्तर अस्पताल ले जाया गया।



---

## मकान में घुसे चोर... ज्वेलरी नगदी समेत लाखों की चोरी

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर चांपा में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया है। अज्ञात चोरों ने मकान में लगे ताले को तोड़कर अलमारी के अंदर रखे 35 तोला सोना 30 से 40 तोला चांदी और 2.50 लाख नकदी रकम सहित लगभग 27.60 लाख रुपए की चोरी हुई है। परिवार कोरबा गया हुआ था, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 19 आईबी रेस्ट हाउस की घटना है।जानकारी के अनुसार मकान मालिक राजकुमार तिवारी ने बताया की वह एसईसीएल का कर्मचारी था, 2 साल पहले रिटायर हुआ है और जांजगीर के वार्ड नंबर 19 में डेढ़ साल पहले ही परिवार के साथ रहने लगे थे। कुछ दिन पहले घर के सभी सदस्य कोरबा घूमे गए हुए थे और वही रिश्तेदार के यह रुके हुए थे। शुक्रवार की सुबह परिवार के साथ पहुंचा तो देखा की गेट में लगा ताला टूटा हुआ था। मकान के अंदर कमरे में लगे दरवाजे की कुंडी भी टूटी हुई थी। वहीं कमरे में रखे अलमारी के दरवाजे खुले मिले और उसमे रखा 35 तोला सोना कीमत तकरीबन 25 लाख रु 30 से 40 तोला कीमत 20 हजार रु और 2.50 लाख नगदी रकम रखा हुआ था। सामान बैड में बिखरा हुआ था। गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी की गई है। सिटी कोतवाली में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

---

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **अमन अग्रवाल**, पुत्र स्वर्गीय संजय अग्रवाल, निवासी (1) मानसरोवर सावन पथ, जयपुर, राजस्थान, (2) दुकान नं. 1, कालकाजी मंदिर, ओम धर्म शाला, कालकाजी, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 515/2021, धारा 188 आईपीसी, पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमन अग्रवाल**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अमन अग्रवाल**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **अमन अग्रवाल**, केस **एफआईआर संख्या 515/2021, धारा 188 आईपीसी, पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.06.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**ऋचा शर्मा,**
ए. सी. एम. एम. – 01, सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट,
कमरा संख्या 366,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/5180/CD/2024**
**(Court Matter)**

---

# बीएसएफ जवानों से भरी बस पेड़ से टकराई, 17 जवान गंभीर

छुही पहाड से मतदान का निरीक्षण कर लौटते समय हुआ हादसा, 13 को आई मामूली चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले की धरमजयगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बीएसएफ जवानों से भरी बस पेड़ से टकरा जाने से 17 जवान घायल हुए एवं 13 जवानों को मामूली चोट आई है।

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान आगामी 7 मई को होना है, जिसके तहत पूरे जिले में शांति पूर्ण ढंग से मतदान कराने की तैयारियां की जा रही हैं इसी बीच रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले छुही पहाड से मतदान का निरीक्षण कर लौट रहे बीएसएफ जवानों की बस शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे चाल्हा गांव के समीप कमोसिन डांड के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिस वक्त यह घटना घटित हुई उस वक्त बस में करीब 32 जवान सवार थे, जिसमें से 17 जवानों को चोटें आई हैं। 13 जवानों को खरोंच और मामूली चोट आई है, जिनका उपचार सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ में चल रहा है। वहीं 04 जवानों को बेहतर उपचार के लिए रायगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

जवानों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त होनें की जानकारी देते हुए धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल ने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने निकले थे। वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बस में अचानक तकनीकी खराबी आ गई थी और घाटी होने की वजह से बस की रफ्तार में कंट्रोल नहीं हो सका और फिर बस पेड़ से जा टकराई और जवान घायल हो गए। जिस जगह हादसा हुआ है वहां पर दाहिने तारीफ घाटी थी अगर बस घाटी से नीचे गिरती तो बहुत बडा हादसा हो सकता था परंतु बस चालक के द्वारा सूझबुझ का परिचय देते हुए बांय तरफ बस को मोड दिया गया।



---

## अस्थि विसर्जन कर वापस लौट रही कार नाले में गिरी, छह लोग घायल, दो गंभीर



**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र में मवेशियों के कारण हादसा हुआ है, जहां इलाहाबाद से अस्थि विसर्जन कर लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया। उनकी कार अनियंत्रित होकर नाला में जा गिरी। हादसे में कार सवार 6 लोग घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सभी का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। कटघोरा थाना पुलिस की माने तो जांजगीर निवासी ओमप्रकाश जायसवाल का परिवार जांजगीर-चांपा जिले के रहने वाला है जहां अपनी पत्नी और दो बहन और दामाद के साथ कार में सवार होकर इलाहाबाद अस्थि विसर्जन करने गए हुए थे, वापस लौटते समय या हादसा हुआ है इस हादसे में ओमप्रकाश और कार के चालक की हालत गंभीर है। जहां दो लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसका उपचार जारी है।

---

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रहीश, निवासी– मकान नंबर 11, गांव– मजलाखा, तहसील– तौरू, जिला मेवात, हरियाणा 122105 ने सी.सी. संख्या 3038/2021 धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना द्वारका नार्थ, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रहीश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रहीश** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **सी.सी. संख्या 3038/2021 धारा 138 NI Act अन्तर्गत थाना द्वारका नार्थ, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रहीश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.06.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री संजना कासना**
महानगर दंडाधिकारी
(एन.आई.अधिनियम डिजिटल–09)
दक्षिण–पश्चिम जिला, प्रथम तल
द्वारका कोर्ट, दिल्ली

**DP/5253/DW/2024 (Court Matter)**

चिंतन

# धीमा जहर ऑक्सीटोसिन से हो रहा सेहत से खिलवाड़

हम कुछ भी खाएं, पीएं, मिलावट के जहर से दूषित हैं। शुद्ध व प्राकृतिक खाद्य जैसे बीते दिनों की बात हो गई हो। दूध, फल, सब्जियां, सब जहरीले होते जा रहे हैं। आजकल अधिक दूध के लिए पशुओं में व अधिक सब्जियों व फलों के लिए सब्जी व फल में इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। लालच में आकर अधिक दूध के लिए गाय व भैंस को ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन धड़ल्ले से लगाए जा रहे हैं। ऐसे ही लौकी, कद्दू, तोरई जैसी हरी सब्ज़ियों को जल्दी तैयार करने के लिए सब्ज़ियों में भी ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके दुष्प्रभाव से बच्चों में हार्मोनल परिवर्तन व दुधारू पशुओं में बांझपन का खतरा बढ़ रहा है। पशु चिकित्सकों के मुताबिक, गाय व भैंस को लगाए जाने वाले ऑक्सीटोसिन की आंशिक मात्रा दूध में आ जाती है। ऑक्सीटोसिन मिश्रित दूध जहर से कम नहीं है। ऑक्सीटोसिन के कई स्वास्थ्य संबंधी खतरे हैं। ऑक्सीटोसिन यूं तो एक प्राकृतिक हार्मोन है, जो स्तनधारी जीवों में प्रसव के बाद दूध उत्पादन के लिए स्वभाविक रूप से उत्पन्न होता है, यह दूध बच्चों के पालन में काम आता है, लेकिन जब अधिक दूध के लिए या सब्जियों व फलों को जल्द तैयार करने के लिए कृत्रिम ऑक्सीटोसिन का इंजेक्शन लगाया जाता है तो यह धीमा जहर के समान है। कोई भी व्यक्ति ताजा सब्जियों को यही समझ कर खाता है कि उनसे उनके शरीर को जरूरी पोषक तत्व मिलेंगे, किंतु ऑक्सीटोसिन मिश्रित सब्जियां स्लो प्वाइजन की तरह है। इसके अलावा भी हम जो अनाज खाते हैं या फल खाते हैं, सब में मिलावट की रसायनिक जहर है, जो स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अधिकारियों को राजधानी में गाय-भैंस रखने वाली डेरियों में ऑक्सीटॉसिन के गलत उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा है कि हार्मोन संबंधित दवा देना पशु क्रूरता है और यह एक अपराध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली सरकार के औषधि नियंत्रण विभाग से साप्ताहिक निरीक्षण करने और मामला दर्ज करने को कहा है, पुलिस इसकी जांच करेगी। अदालत ने दिल्ली पुलिस के खुफिया विभाग से ऑक्सीटॉसिन उत्पादन, पैकेजिंग और वितरण के स्रोतों की पहचान करने को कहा है। साथ ही इस मामले में कानून के अनुसार कार्रवाई करने को कहा है। ऐसी कार्रवाई देशव्यापी स्तर पर किए जाने की जरूरत है। देश के हर कोने में ऑक्सीटोसिन का गलत इस्तेमाल हो रहा है। लोगों की सेहत से खिलवाड़ का हक किसी को नहीं है। ऑक्सीटोसिन को देना पशु क्रूरता है और यह पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 के तहत एक संज्ञेय अपराध है। ऑक्सीटोसिन के गलत उपयोग या इसे रखने के सभी मामलों को पशुओं के प्रति क्रूरता से बचाव अधिनियम 1960 की धारा 12 एवं दवा एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की धार 18(ए) के तहत दर्ज किया जाता है। अदालत ने यह भी कहा कि सभी डेरियों को उचित सीवेज, जल निकासी, बायोगैस संयंत्र, मवेशियों के घूमने के लिए पर्याप्त खुली जगह और पर्याप्त चारागाह वाले क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। शहर के सभी डेयरियों को पशु पालन के लिए उच्च हाइजेनिक मानदंडों का पालन करना चाहिए। सरकार को चाहिए कि ऑक्सीटोसिन के दुरुपयोग को पूर्णतया बंद कराए, क्योंकि इससे लोगों की सेहत को नुकसान पहुंच रहा है।

# कांग्रेस की रक्षात्मक रणनीति!



लोकसभा चुनाव
राज कुमार सिंह

**कांग्रेस की परंपरागत सीटों अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी सस्पेंस के अंतिम क्षणों में पटाक्षेप से जवाब कम मिले, सवाल ज्यादा उठते हैं। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि वाले दिन ही उम्मीदवारों के ऐलान से कांग्रेस की किसी सुनियोजित रणनीति के बजाय कन्फ्यूजन का संदेश ज्यादा गया। केरल में वायनाड से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अब रायबरेली से भी लड़ेंगे। चुनावी आकलन के दौरान यह आशंका जताई जाती रही है कि विपक्षी दलों के आधे-अधूरे बने 'इंडिया' गठबंधन की सबसे कमजोर कड़ी कांग्रेस ही साबित हो सकती है।**

गांधी-नेहरू परिवार की पारंपरिक लोकसभा सीटों अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी सस्पेंस के अंतिम क्षणों में पटाक्षेप से जवाब कम मिले, सवाल ज्यादा उठते हैं। इन सीटों पर नामांकन की अंतिम तिथि वाले दिन ही उम्मीदवारों के ऐलान से कांग्रेस की किसी सुनियोजित रणनीति के बजाय कन्फ्यूजन का संदेश ज्यादा गया। केरल में वायनाड से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अब रायबरेली से भी लड़ेंगे। 2004 से 2019 तक रायबरेली से लगातार पांच बार जीतीं सोनिया गांधी ने बढ़ती उम्र और स्वास्थ्य कारणों से इस बार राजस्थान से राज्यसभा में चुने जाने का विकल्प चुना। पिछली बार दो सीटों से चुनाव लड़े राहुल वायनाड से तो जीत गए, लेकिन अपनी परंपरागत सीट अमेठी से, लगातार तीन बार जीतने के बाद, स्मृति ईरानी से लगभग 55 हजार वोटों से हार गए, इसीलिए लंबे अरसे से गांधी-नेहरू परिवार की पारंपरिक सीट रहीं अमेठी और रायबरेली को लेकर राजनीतिक गलियारों से मीडिया तक में अटकलों का बाजार गर्म था। इतना ही नहीं चर्चाएं यह भी रहीं कि वायनाड में मतदान हो जाने के बाद राहुल अमेठी से ताल ठोकेंगे, जबकि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अपनी चुनावी राजनीति की शुरूआत रायबरेली से कर सकती हैं।

पिछले दिनों कांग्रेस सूत्रों के हवाले से यह खबर भी आई कि राहुल-प्रियंका के असमंजस के बीच खुद सोनिया गांधी ने दोनों से फोन पर बात की है। यह भी बताया गया कि सोनिया ने यहां तक कहा है कि उन दोनों के चुनाव न लड़ने का अर्थ दोनों सीटें भारतीय जनता पार्टी को थाली में रख कर दे देने जैसा होगा, पर तीन मई को नामांकन के अंतिम दिन कांग्रेस ने ऐलान किया कि राहुल, रायबरेली से लड़ेंगे, जबकि अमेठी से गांधी-नेहरू परिवार के निष्ठावान रहे किशोरी लाल शर्मा चुनाव लड़ेंगे। मूलतः पंजाब से आने वाले किशोरी लाल शर्मा दशकों से अमेठी और रायबरेली लोकसभा क्षेत्रों में, वहां से गांधी-नेहरू परिवार के निर्वाचित सांसदों के प्रतिनिधि के रूप में राजनीतिक कामकाज देखते रहे हैं।

यहां पर कई सवाल उठना लाजिमी हैं। कोई राजनीतिक दल अपने निष्ठावान कार्यकर्ता को पुरस्कृत करे, यह अच्छी बात है, पर क्या किशोरी लाल शर्मा के लिए रायबरेली ज्यादा आसान सीट नहीं होती? वहां से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे दिनेश प्रताप सिंह पुराने कांग्रेसी हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी के विरुद्ध मैदान में उतरे थे और हार गए थे। ऐसे में राहुल के खुद रायबरेली से लड़ने और किशोरी लाल शर्मा को अमेठी में स्मृति ईरानी के विरुद्ध लड़वाने से बहुत सकारात्मक राजनीतिक संदेश नहीं गया है। राहुल को हरा चुकी स्मृति को शर्मा कड़ी टक्कर दे पाएंगे,ऐसा मानने का फिलहाल तो कोई आधार नहीं दिखता।

बेशक राहुल के पास वायनाड के मतदाताओं के प्रति प्रतिबद्धता के आधार पर किसी भी दूसरी सीट से चुनाव न लड़ने का बेहतर नैतिक आधार हो सकता था, लेकिन



रायबरेली से लड़ कर उन्होंने उसे भी गंवा दिया। अगर दो सीटों से ही चुनाव लड़ रहे हैं, तब अपनी परंपरागत सीट छोड़ कर रायबरेली जाने से भारतीय जनता पार्टी को यह प्रचार करने का मौका उन्होंने खुद उपलब्ध कराया है कि वह डर गए।

माना कि अमेठी से राहुल की जीत तय नहीं थी, पर हार तय मान लेने का क्या कारण रहा? क्या एक बार चुनाव हारने के बाद नेता उसी सीट से दोबारा जीतते नहीं और सबसे बड़ा सवाल यह कि जब चुनावी राजनीति में हैं, तो हार से डर कैसा? इंदिरा गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और चौधरी चरण सिंह भी चुनाव हारे, जो राजनीतिक कद और पद में राहुल से बहुत बड़े नेता रहे, पर उन्होंने इस तरह पलायन नहीं किया। अब भारतीय जनता पार्टी के इस प्रचार की राहुल और कांग्रेस कैसे काट करेंगे? सवाल यह भी है कि 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देने वाली प्रियंका गांधी अब मौका आने पर क्यों पीछे हट गईं? उम्मीद यही थी कि भारत जोड़ो यात्रा से हासिल आत्मविश्वास के बल पर राहुल फिर अमेठी से ही ताल ठोकेंगे, जबकि बेटी रायबरेली में मां की विरासत संभालेगी।

अब तर्क दिया जा रहा है कि परिवार के सभी सदस्यों का चुनाव लड़ना सही नहीं होता। अगर सभी सदस्य सक्रिय राजनीति में आ सकते हैं, तब चुनाव भी लड़ लेने में क्या समस्या है? एक ओर यह तर्क दिया जा रहा है, तो दूसरी ओर प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा तक मीडिया इंटरव्यू के जरिये चुनाव लड़ने की अपनी इच्छा जताते रहे हैं। सवाल यह भी है कि अगर राहुल दोनों सीटों से जीत गए तो उनके द्वारा खाली की जाने वाली सीट से क्या कोई पारिवारिक सदस्य चुनाव नहीं लड़ेगा? सीधा सवाल पूछें तो क्या दोनों जगह से जीत की स्थिति में राहुल द्वारा खाली की जाने वाली सीट से प्रियंका चुनाव नहीं लड़ेंगी और क्या वह कभी चुनावी राजनीति में नहीं आना चाहतीं? बेशक कांग्रेस और राहुल गांधी को अपनी रणनीति तय करने का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक जीवन के फैसले पूरी तरह व्यक्तिगत नहीं हो सकते। उन पर टीका-टिप्पणी होगी ही, क्योंकि उनका प्रभाव व्यापक होता है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा पूर्ण सहयोग के आश्वासन के बावजूद अमेठी-रायबरेली की बाबत इन फैसलों से कांग्रेस की रक्षात्मक रणनीति का नकारात्मक संदेश ही गया है।

इससे पहले सूरत एवं इंदौर में 'जयचंद-प्रकरण' और दिल्ली में बगावत तथा पश्चिम बंगाल में अधीर रंजन चौधरी सरीखे वरिष्ठ नेता की 'टीएमसी से बेहतर होगा भाजपा को वोट देना' जैसी अपील से भी कांग्रेस के राजनीतिक प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठे हैं। 2014 और 2019 में एकतरफा लोकसभा चुनावों के बाद इस चुनाव में कड़े मुकाबले के संकेत मिल रहे हैं। फिर भला विपक्ष का सबसे बड़ा दल होने के बावजूद कांग्रेस ने ऐसी रक्षात्मक रणनीति से नकारात्मक चुनावी राजनीतिक संदेश का जोखिम क्यों उठाया? किसी भी राष्ट्रीय राजनीतिक दल के लिए इस तरह की रणनीति सवाल तो खड़े करती ही है साथ ही उसके लिए एक नकारात्मक छवि भी लोगों के दिलो दिमाग पर अंकिल करती है।

चुनावी आकलन के दौरान यह आशंका जताई जाती रही है कि विपक्षी दलों के आधे-अधूरे बने 'इंडिया' गठबंधन की सबसे कमजोर कड़ी कांग्रेस ही साबित हो सकती है, क्योंकि लगभग 200 सीटों पर उसका भाजपा से सीधा मुकाबला होता है। क्षेत्रीय दल पहले भी भाजपा के विरुद्ध अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। ऐसे में अंतिम परिणाम बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि खुद कांग्रेस, भाजपा के विरुद्ध कैसा चुनावी प्रदर्शन करेगी। अभी तक के संकेत बहुत सकारात्मक तो नहीं हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

स्मृति शेष
मणेंद्र मिश्रा मशाल



# समावेशी वामपंथ के पक्षधर थे कामरेड अतुल अनजान

कामरेड अतुल अनजान नहीं रहे। शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में कैंसर से जूझ रहे अतुल अनजान ने अंतिम सांस ली। उनका पूरा जीवन ही सार्वजनिक था। हमारी पीढ़ी के लिए वह राजनीति, संविधान, जन सरोकार, सामाजिक मुद्दों सहित देश दुनिया के विभिन्न मसले जिनका असर आम जनता पर पड़ सकता है, उन सभी विषयों के लिए इनसाइक्लोपीडिया थे। वामपंथी राजनीति का वे बड़ा चेहरा थे। लेफ्ट यूनिटी के लिए पूरी प्रतिबद्धता होने के बाद भी अतुल समाजवादी, कांग्रेसी सहित वे सभी समूह जिनका भरोसा आपसी सौहार्द एवं उपेक्षितों, किसानों के प्रति रहता था उनसे संवाद करने में नहीं हिचकते थे। हम लोगों का उनसे परिचय आज के बीस वर्ष पूर्व इलाहाबाद विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुआ था। प्रो बनवारी लाल शर्मा के संयोजन में आजादी बचाओ आंदोलन में सक्रिय रहते हुए हम लोगों ने उनके कई कार्यक्रम कराए जिनमें उन्हें करीब से सुनना हुआ था। उस समय सेज (एसईजेड) के खिलाफ अतुल अनजान का किसानों के समर्थन में दिए गए वक्तव्य की राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा थी। जनजातीय क्षेत्रों में मानवाधिकारों के लिए उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी। वामपंथी राजनीति को पसंद न करने वाले लोग भी उनका भाषण सुनने दूर-दूर से आते थे। दिल्ली स्थित मावलंकर हाल,कांस्टीट्यूशन क्लब, तीन मूर्ति लाइब्रेरी में शहीदे आजम भगत सिंह, सामयिक मुद्दों पर



कामरेड एबी वर्धन के साथ अतुल अनजान की उपस्थिति हर बार एक नया विमर्श पैदा कर देती थी। 2019 में दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में 12-13 जुलाई को समाजवादी समागम में उन्होंने राजनीति में विचार और जनाधार दोनों को बचाने के लिए समाजवादियों से आह्वान किया था। इस उपलक्ष्य में विमोचित हुए समाजवादी विचार समग्र पुस्तक में प्रकाशित मेरे लेख समाजवादी सोच के प्रति नई पीढ़ी की चिंता को लेकर मंच से खूब सराहना की और आयोजन में मेरे वक्तव्य से प्रभावित होकर सचेत किया था कि समाजवादी विचारधारा को नवीन प्रयोगों से सक्रिय किए रहना। लखनऊ विश्वविद्यालय के लोकप्रिय छात्रसंघ अध्यक्ष रहे अतुल अनजान आजीवन छात्र आंदोलन के जेपी मूवमेंट वाली पीढ़ी और नए छात्र, नौजवानों में एक समन्वयकारी भूमिका में रहते थे। 2018 में लखनऊ विश्वविद्यालय के आन्दोलनरत छात्रों के जेल जाने पर मीसा बंदी एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी, सत्तर के दशक में मेरठ कॉलेज की छात्र राजनीति से निकले पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी की पहल पर प्रो रमेश दीक्षित(लखनऊ विश्वविद्यालय) एवं लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व पदाधिकारियों का सफल संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कराने का श्रेय अतुल को ही रहा। लखनऊ छात्रसंघ के इतिहास में यह अपने आप में अनूठी घटना थी जिसमें पूर्व छात्रसंघ अध्यक्षों में अतुल अनजान, सत्यदेव त्रिपाठी, अरविन्द सिंह गोप, अरविन्द कुमार सिंह, डॉ राजपाल कश्यप प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इसका असर यह रहा कि जेल में बंद छात्र नेताओं की जल्द रिहाई हो गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में लखनऊ विश्वविद्यालय में सरकारी धन के दुरुपयोग को लेकर प्रोटेस्ट करने वाले छात्र-छात्राओं की गिरफ्तारी और उत्पीड़न की निंदा की गई थी। अतुल अनजान को अपने गृह जनपद मऊ से बेहद लगाव था। जहां उनके प्रयास से 31 दिसंबर 2015 को तत्कालीन समाजवादी सरकार में मुलायम सिंह यादव एवं उस समय मुख्यमंत्री रहे अखिलेश यादव ने जनपद के महान विभूति रहे पंडित अलगू राय शास्त्री और कामरेड जय बहादुर सिंह की प्रतिमा की स्थापना मऊ कलेक्ट्रेट परिसर में की गई। कामरेड अतुल अनजान की हजरतगंत काफी हाउस की बैठकी बेहद चर्चित थी। इसमें लखनऊ के सिविल सोसायटी से जुड़े अनेक लोग शामिल होते थे, जिनमें नेता, पत्रकार, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रोफेसर शामिल रहते थे। उनके होने से अन्याय के खिलाफ किसी भी आंदोलन,धरना, प्रदर्शन में लोगों को एक संबल मिलता था। सच कहने का उनमें गजब का साहस था। वे आजीवन सिद्धांत और ईमानदारी की राजनीति करते रहे। उनके निधन ने समाज में एक जनपक्षकार की रिक्तता पैदा कर दिया। इसकी भरपाई मुश्किल है। अतुल अनजान अपने अर्थपूर्ण लेखों, ओजस्वी भाषणों के लिए हमारी स्मृतियों में बने रहेंगे। हाशिये की मुखर आवाज अतुल अनजान को अश्रूपूर्ण श्रद्धांजलि।

(लेखक इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अतिथि प्रवक्ता रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा




संकलित
प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता थाः राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहाः हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रेस की मुख्य भूमिका

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। हमारे देश का सबसे पहला समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। यह पहला हिंदी समाचार पत्र था। इसका नाम उदन्त मार्तण्ड है और अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचार पत्र प्रकाशित होते हैं। जितनी आजादी से हमारे देश में मीडिया अपना काम करता है, उतना शायद अन्य किसी देश में शायद ही हो। लड़ाई हो तो पत्रकारों को बुलाओ, सड़क नहीं बनी तो पत्रकारों को बुलाओ, पानी नहीं आ रहा तो पत्रकारों को बुलाओ, यानी हर छोटी-मोटी समस्या के लिए पत्रकार हमेशा हाजिर हो जाते हैं। आज न्यूज चैनलों की बाढ़ आ जाने के बावजूद हर कोई अखबार का इंतजार जरूर करता है।

- अजय चद्रवंशी, अंबिकापुर

करंट अफेयर

# ताइवान हर दिन लाखों साइबर हमलें झेल रहा

तेजी से निरंकुश होते क्षेत्र में ताइवान लोकतंत्र, नवाचार और प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में खड़ा है। लेकिन इस पर ख़तरा बढ़ता जा रहा है। हाल के वर्षों में, चीन ने ताइवान पर कम्युनिस्ट पार्टी के एकीकरण के प्रयासों को स्वीकार करने के लिए दबाव बनाने के लिए कई तरह की 'ग्रे जोन' रणनीतियों का इस्तेमाल किया है। इसमें साइबर हमलों का आक्रमण शामिल है, जो न केवल ताइवान की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करता है, बल्कि इसकी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को भी कमजोर करने की कोशिश करता है। ये हमले फ़िशिंग प्रयासों से लेकर परिष्कृत मैलवेयर घुसपैठ तक होते हैं। वेबसाइट



विरूपण हमले और डिस्ट्रीब्यूटेड डेनियल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमले अक्सर महत्वपूर्ण घटनाओं के दौरान देखे जाते हैं, जैसे कि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की अगस्त 2022 की यात्रा के दौरान। निशाने पर होते हैं सरकारी एजेंसियां, शैक्षणिक संस्थान, सुविधा स्टोर और ट्रेन स्टेशन। तो, ताइवान इन हमलों से खुद को कैसे बचा रहा है? और क्या वह ऐसा कर पाएगा क्योंकि चीन की रणनीति और अधिक परिष्कृत होती जाएगी।

ऑफ बीट

# हृदय गति क्षेत्र क्या हैं, इसे दिनचर्या में शामिल करें

यदि आप ऑनलाइन फिटनेस सामग्री की खोज में बहुत समय बिताते हैं, तो हो सकता है कि आप हृदय गति क्षेत्रों की अवधारणा से परिचित हों। हृदय गति



क्षेत्र प्रशिक्षण हाल के वर्षों में अधिक लोकप्रिय हो गया है, आंशिक रूप से पहनने योग्य प्रौद्योगिकी में उछाल के कारण, जो अन्य कार्यों के अलावा, लोगों को आसानी से अपनी हृदय गति को ट्रैक करने का अवसर देता है। एरोबिक व्यायाम के दौरान हृदय गति क्षेत्र तीव्रता के विभिन्न स्तरों को दर्शाते हैं। वे अक्सर आपकी अधिकतम हृदय गति के प्रतिशत पर आधारित होते हैं, जो आपके हृदय द्वारा प्रति मिनट ली जा सकने वाली धड़कनों की उच्चतम संख्या है। लेकिन विभिन्न हृदय गति क्षेत्र क्या हैं, और आप अपने वर्कआउट को अनुकूलित करने के लिए इन क्षेत्रों का उपयोग कैसे कर सकते हैं? तीन-ज़ोन मॉडल जबकि हृदय गति क्षेत्रों का वर्णन करने के लिए कई मॉडलों का उपयोग किया जाता है, वैज्ञानिक साहित्य में सबसे आम मॉडल तीन-क्षेत्र मॉडल है, जहां क्षेत्रों को निम्नानुसार वर्गीकृत किया जा सकता है : जोन 1 : 55 प्रतिशत - अधिकतम हृदय गति का 82 प्रतिशत जोन 2 : 82 प्रतिशत - अधिकतम हृदय गति का 87 प्रतिशत जोन 3 : 87 प्रतिशत - अधिकतम हृदय गति का 97 प्रतिशत।

ट्रेंड

### सुशासन से ही संभव



2024 के आम चुनाव में 'मोदी गारंटी' मुख्य मुद्दा है. भाजपा का लक्ष्य 2047 तक एक विकसित भारत बनाना है। यह केवल सुशासन से ही संभव है। हम उनसे अनुरोध करते हैं जो उज्ज्वल भविष्य चाहते हैं कि वे फौलादी इरादों वाले मोदी को वोट दें जो देश को समावेशी विकास की ओर ले जा सकें।

-एस जयशंकर, केंद्रीय मंत्री

### भविष्य का अस्तित्व नहीं



आप अतीत या भविष्य को कष्ट नहीं दे सकते क्योंकि उनका अस्तित्व ही नहीं है। आप जो पीड़ित हैं वह आपकी स्मृति और आपकी कल्पना है। ध्यान न तो एकाग्रता है और न ही विश्राम। यह एक तरह की घर वापसी है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### मोदी के पसंदीदा शब्द



हिंदी भाषा में लगभग 1.5 लाख शब्द बताये जाते हैं तथा अध्ययन की सभी शाखाओं में तकनीकी शब्दों को मिलाकर 6.5 लाख शब्द हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के पसंदीदा शब्द हैं:- पाकिस्तान, श्मशान, क़ब्रिस्तान, हिन्दू-मुसलमान, मंदिर-मस्जिद, मछली-मुगल, मंगलसूत्र, गाय-भैंस।

-लालू प्रसाद यादव, राजद सुप्रीमो

### विरासत में शहादत मिली



मेरे पिता को विरासत में धन-दौलत नहीं, शहादत मिली। जब नरेंद्र मोदी मेरे पिता पर आरोप लगाते हैं कि उन्होंने विरासत लेने के लिए क़ानून बदला, वो यह नहीं समझ सकते कि मेरे पिता को विरासत में धन-दौलत नहीं, शहादत की भावना मिली।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

अपने विचार
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# पश्चिम बंगाल, झारखंड में प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को किया संबोधित

# 140 करोड़ देशवासियों की सच्ची सेवा करने के लिए निकला, मैं यहां मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं

एजेंसी ▶▶ बर्धमान

भाजपा के शीर्ष नेता सबसे बड़े स्टार प्रचारक एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को देश के 2 राज्यों पश्चिम बंगाल और झारखंड के चुनावी दौरे पर है। सबसे पहले उन्होंने पश्चिम बंगाल में बर्धमान के दुर्गापुर में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने पश्चिम बंगाल के लोगों से कहा कि आप भी जानते हैं अगर पद-प्रतिष्ठा की लालसा हो पीएम पद की लालसा हो तो एक बार इंसान प्रधानमंत्री की शपथ ले ले फिर उसके जीवन में ऊंचाई को प्राप्त हो ही जाती है, इतिहास में नाम दर्ज हो ही जाता है।

लोगों को लगता है कि मोदी जी 2 बार पीएम रहे दुनिया में इतना नाम हो गया, अरे कभी तो आराम करो। मैं मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं। मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं। मैं 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकला हूं।उन्होंने लोगों से विकसित भारत के लिए वोट करने के लिए अपील की।

**भाइयो मैं खुद के लिए जीना नहीं चाहता हूं**



## आप ही मेरे लिए परिवारजन

मोदी ने कहा कि मेरे लिए तो आप ही मेरे परिवार जन हैं। मेरा भारत मेरा परिवार- अगर मेरा कोई वारिस है तो देश के हर परिवार के बच्चे मेरे वारिस हैं। मैं उनके लिए कुछ छोड़ कर जाना चाहूंगा। वामपंथी, टीएमसी और कांग्रेस के लोगों के पास विकास के लिए कोई दृष्टिकोण नहीं है। वामपंथियों ने त्रिपुरा को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। देश का विकास करना उनके बस की बात नहीं है। वे केवल एक ही बात जानते हैं और वह है वोट बटोरने के लिए समाज और देश को बांटना।

## मैं गरीबी से निकला हूं...

मोदी ने कहा कि टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस वाले कर क्या रहे हैं? ये दिन क्या कर रहे हैं, मोदी का सिर लाठी मार कर फोड़ देंगे। ये कहते हैं मोदी को गोली मार दो, लेकिन मैं भी डरने वालों में से नहीं हूं। और मैं गरीबी से निकला हूं तो डरना मेरे शब्दकोश में ही नहीं है।

## बंगाल में हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाया गया

टीएमसी की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। जय श्रीराम के उदघोष से भी इन्हें आपत्ति है। मैं टीएमसी सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। यही सरकार है।

## वोट जिहाद पर विपक्ष चुप क्यों?

मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि इन वोट के भूखे लोगों की पहले 2 चरणों में लुटिया डूब चुकी है। अब ये खुलेआम एक नया खेल लेकर आए हैं। अब ये कहते हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। सारे चट्टे-बट्टे (एक ही स्वभाव के लोग) वोट जिहाद से सहमत है।

## पीएम मोदी ने विपक्ष को दी 3 चुनौतियां

ये लोग वोट बैंक के लिए कुछ भी कर सकते है। ये आपकी कमाई का हिस्सा जब्त करेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। मैं पिछले 10 दिन से कांग्रेस को 3 चुनौतियां दे रहा हूं, लेकिन वो मौन होकर बैठ गए हैं।

## लाइए,आप मेरे लिए प्रसाद लेकर आए हो...

रैली में एक दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला।संबोधन के दौरान उनका ध्यान एक साधु पर गया। मोदी मंच से बोले आप मेरे लिए प्रसाद लेकर आए हैं। कैमरामैन से कहते हैं कि प्रसाद लेकर मुझे दे दीजिए। आपको प्रणाम।

## झारखंड में भी उमड़ा जन सैलाब

**चाईबासा।** पीएम मोदी चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में पहुंचे और चुनावी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कई किलोमीटर लंबी कतारें लगी थीं। भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं।



## नड्डा ने गुजरात में किया रोड शो

भाजपा ने अध्यक्ष जेपी नड्डा पीएम मोदी के 400 पार के लक्ष्य की पूर्ति के लिए धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। दाहोद में जिला भाजपा कार्यालय के पास जनसभा को संबोधित किया। अहमदाबाद में दोपहर डेढ़ बजे मतदाताओं से संवाद किया। कच्छ में वह रोड शो किया।

## सुषमा को लाने जा रहा चॉपर क्रैश



**मुंबई।** एक निजी हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर उद्धव शिवसेना की उप नेता और प्रवक्ता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा था। भगवान का शुक्र रहा कि पायलट की जान बाल-बाल बच गई।

## गोपालगंज में गधे पर चढ़कर नामांकन



बिहार के गोपालगंज लोकसभा सीट के लिए एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला है। यहां एक निर्दलीय प्रत्याशी सत्येंद्र बैठा गधे पर बैठकर नामांकन करने पहुंचा। सत्येंद्र बैठा को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। लोग सेल्फी भी लिए।

## राहुल पर सीपीआई का सवाल



वायनाड में सीपीएम प्रत्याशी एनी ने राहुल पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें वायनाड के लोगों को सूचित करना चाहिए था कि वो रायबरेली को दूसरी सीट मान रहे हैं। भले ही निर्णय अंतिम पल में लिया गया हो, लेकिन कांग्रेस पार्टी को ये साफ करना चाहिए था।

## गडकरी ने कांग्रेस की मिमिक्री की

### आधा पगार तुमको, आधा हमको...



**लातूर।** केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी महाराष्ट्र के लातूर में एक चुनावी सभा में कांग्रेस के नेताओं की मिमिक्री करते हुए कहा, खास लोगों की गरीबी हटी है। तब शिक्षक का आधा पगार तुमको और आधा हमको होता है।

शाह का उद्धव पर निशाना

## अगर असली शिवसेना अध्यक्ष हो तो...

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि क्या नकली सेना के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे वीर सावरकर का नाम अपने भाषण में लेने की हिम्मत कर सकते हैं? अगर सावरकर का नाम लेने में शर्म आती है तो शिवसेना के किस बात के अध्यक्ष हैं आप? वे नकली शिवसेना चला रहे हैं, असली शिवसेना एकनाथ शिंदे चला रहे हैं। जिनकी गोदी में उद्धव बैठे हैं वो कांग्रेस 70 सालों से धरा 370 को गोद में बैठाकर खिला रहे थे। जो अपनी गद्दी संभालने के लिए कांग्रेस चरणों में चले गए वो महाराष्ट्र नहीं संभाल सकते।



**'विरासत' ऐसे ही नहीं मिलती**

उन्होंने कहा कि मैं उद्धव को चैलेंज करता हूं कि पीएफआई पर बैन लगाना सही है या नहीं? उद्धव आप इस बात का जवाब दीजिए 370 हटाना चाहते हो? तीन तलाक हटाना चाहते हो? मुस्लिम पर्सनल लॉ हटाना चाहते हो? बाला साहेब की विरासत ऐसे ही नहीं मिलती।

रोहतक में बोले राजनाथ

## आज सीमा पार हमले की सामर्थ्य बनी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आईटीआई मैदान में भाजपा की विजय संकल्प रैली में में कहा कि पहले भारत को दुनिया गंभीरता से नहीं लेती थी, अब कान खोलकर सुनती है। 2027 तक देश महाशक्ति बन जाएगा। मोदी के नेतृत्व में भारत सीमा पार भी मार कर सकता है। मोदी के 10 साल के कार्यकाल में भारत अब पांचवीं आर्थिक महाशक्ति है, जो 2047 में दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमला करते हुए सिंह ने कहा कि अमेठी से राहुल की चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं हुई।अब रण छोड़ने वालों को क्या कहते हैं, यह मुझसे बेहतर जनता जानती है। रण छोड़ने पर राहुल का नया नाम न पड़ जाए।



**तब खतरे में नहीं था लोकतंत्र**

सिंह ने कहा कि कांग्रेस राज में 20 प्रत्याशी सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए, तब लोकतंत्र खतरे में नहीं पड़ा। अब कांग्रेस कह रही कि लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देने की बात करती है, जो की संविधान के खिलाफ है।

उम्मीदवारों के 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट'

## चुनाव आयोग ने सभी राज्यों को दिया निर्देश

भारतचुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक निर्देश जारी किया है। सभी राज्य चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को समय से 'नो ड्यूज सर्टिफिकेट' जारी करें। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे एक पत्र में ईसीआई ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 33 ए के अनुसार आवश्यक फॉर्म 26 में एक शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों के महत्व पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका खारिज

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। अंतरिम जमानत वाली याचिका भी खारिज कर दी। हाईकोर्ट के कार्यकारी न्यायाधीश और न्यायाधीश नवनीत कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद 28 फरवरी को फैसला सुरक्षित रखा लिया था।



### 4 घंटे तक रखा डिजिटल अरेस्ट, ऐंठे 3 लाख रु.

**गुरुग्राम।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी में काम करने वाली युवती को साइबर ठगों ने निशाना बनाया है। युवती को करीब 4 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। आरोपियों ने खुद को ट्राई का कर्मचारी बताकर युवती को कॉल की। किसी केस से नाम निकलवाने ठगों ने युवती को 4घंटे तक डिजिटल अरेस्ट रखा। और 3 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिए।



### बैन-ट्रैक्टर की भिड़ंत में 6 लोगों की मौत

**मुंबई ।** महाराष्ट के अहमदनगर जिले में बैन और ट्रैक्टर के टकराने से एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई। हादसा अहमदनगर-कल्याण हाईवे पर रात 2.30 बजे इस घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे के बाद की स्थिति को संभाला। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। यातायात को सुचारू करने पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को एक तरफ से हटाया गया।



हॉट सीट मैनपुरी: भाजपा के लिए आसान नहीं सपा के गढ़ को भेदना!

# भाजपा व सपा के बीच बसपा के सियासी दांव ने दिलचस्प बनाया चुनावी मुकाबला

ओ.पी. पाल. नई दिल्ली।

लोकसभा चुनाव मे यूपी की सियासत गर्म है। समाजवादी पार्टी का गढ़ बनी मैनपुरी लोकसभा सीट पर मुलायम सिंह यादव की सियासी विरासत को बचाने \सपा प्रमुख अखिलेश यादव की धर्मपत्नी डिंपल यादव मैदान में हैं। वहीं भाजपा ने गढ़ को ध्वस्त करने की जिम्मेदारी योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री जयवीर को सौंपी है, जिन्होंने मैनपुरी विधानसभा चुनाव सपा का तिलिस्म तोड़कर ताकत दिखाई थी। यहां मुद्दों को दरकिनार करके सभी सियासी दल जातियों की बिसात बिछाने की रणनीति के साथ चुनावी जंग में है।

भाजपा और सपा के बीच ही प्रमुख चुनावी मुकाबला होने के आसार हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने पूर्व विधायक शिव प्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाकर इस सीट की चुनावी जंग को दिलचस्प मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया है।



डिंपल यादव जयवीर शिव प्रसाद

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंतिम जिला माने जाने वाले मैनपुरी सीट सपा का इसलिए गढ़ बनी हुई है कि 1989 में सपा ने ऐसा सियासी सिक्का जमाया कि तब से अब तक खासकर भाजपा व बसपा के राजनीतिक दांवपेंच सपा के गढ़ को भेदने में नाकाम रहे हैं। इस सीट बसपा से ज्यादा भाजपा दूसरे पायदान पर रही है। इस बार भाजपा पहले पायदान पर आने के लिए नई रणनीति के साथ यहां चुनावी मैदान में है।बसपा भी अपने सोशल इंजीनिरिंग की रणनीति से चुनाव मैदान में है। सपा इस बार पीडीए यानी पिछडा, दलित और अल्पसंख्य आधारित रणनीति से अपनी विरासत को बचाने के लिए चुनावी जंग में है। लंदन में पढ़ रही अखिलेश यादव की सुपुत्री अदिति यादव भी मम्मी डिंपल यादव के चुनाव प्रचार में गांव गांव घूमकर सहानुभूति बटोरने का प्रयास कर रही है।

### मैनपुरी सीट का सियासी सफर

पिछले 35 साल से इस सीट पर सपा यानी मुलायम सिंह यादव परिवार का कब्जा है। उससे पहले 1977 और 1980 तक तत्कालीन जनसंघ और अब भाजपा समर्थित जनता पार्टी के प्रत्याशी जीते है, जबकि 1984 में यहां कांग्रेस के बलराम सिंह यादव जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।इस सीट पर कांग्रेस ने आजाद भारत के पहले लोकसभा चुनाव की जीत के बाद चार बार ही जीत दर्ज की है। 1996 से अब तक सपा ने यहां दस जीत दर्ज की है, जिसमें 3 उप चुनाव भी शामिल हैं। मुलायमयहां से खुद चार बार और उनके एक एक बार उनके भतीजे तेजप्रताप सिंह यादव व धर्मेन्द्र यादव भी लोकसभा पहुंचे। पहली बार 1996 में यहां से लोकसभा पहुंचे मुलायम वीपी सिंह सरकार में रक्षा मंत्री भी रहे। पिछले चुनाव में मोदी लहर के बावजूद मुलायम ने शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव उप चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची, जो इस बार मुलायम सिंह यादव की सियासी विरासत को बचाने के लिए चुनाव मैदान में है।

### जातीय समीकरण

इस सीट पर 3.50 लाख से अधिक यादव मतदाता हैं, 1.50 लाख ठाकुर, 1.40 दलित, 1.20 लाख ब्राह्मण, करीब एक लाख लोध और एक-एक लाख कुर्मी और मुस्लिम मतदाता मौजूद हैं।

### कौन हैं भाजपा, सपा और बसपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी जयवीर फिरोजाबाद के ककहरा निवासी हैं। यहीं से ग्राम प्रधानी का चुनाव जीतकर राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी। 2002 में कांग्रेस और 2007 में बसपा के टिकट पर घिरोर विधानसभा से विधायक चुने गए। 2003 से 2006 तक यूपी सरकार में स्वतंत्र प्रभार के तौर पर स्वास्थ्य मंत्री रहे। 2007 में बनी मायावती सरकार में सिंचाई राज्य मंत्री बने।

यौन उत्पीड़न के आरोप पर राज्यपाल की सफाई

# मुझ पर आरोप लगा चुनाव में फायदा लेने की कोशिश हो रही



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की एक महिला स्टाफ ने गंभीर आरोप लगाया है। कहा गया है कि राज्यपाल द्वारा उन्हें गलत तरीके से छुआ गया, उनके साथ यौन उत्पीड़न करने की कोशिश हुई। कुछ दिन पहले एक महिला ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी। उस शिकायत में कहा गया कि राज्यपाल ने महिला से दो बार मुलाकात की थी। महिला ने लिखा था कि 19 अप्रैल को उन्हें अपने सीवी के साथ आने को कहा ऑफिस रूम में बुलाया गया।

### सच्चाई की जीत होगी

अब इन गंभीर आरोपों पर पहली बार राज्यपाल की तरफ से प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा है कि सच्चाई की जीत होने वाली है। बोस ने ये भी कहा है कि अगर किसी को ऐसा लगता है कि मेरी छवि को खराब कर वह चुनाव में फायदा ले सकते हैं तो भगवान उनका भला करें, लेकिन मुझे करप्शन और बंगाल में हो रही हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने से कोई नहीं रोक सकता।

### राजभवन ने कहा

राजभवन के सूत्रों ने भी उस पीड़ित महिला को लेकर एक बड़ा दावा किया है। कहा गया है कि वो महिला अपनी दूसरे साथी के साथ लोगों की शिकायतों को चुनाव आयोग तक पहुंचने नहीं दे रही थी। जब उससे पूछताछ की गई, उसने यौन उत्पीड़न वाला आरोप राज्यपाल पर लगा दिया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 93245936 | माइक्रो नियंत्रक आधारित बहुउद्देशीय तीन रंग वाली एलईडी रिचार्जेबल टॉर्च अनुलग्नक ए में संलग्न विशिष्टता के अनुसार है। | 10880 नग | 28.05.2024 |

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं0 93245936 दिनांक : 03.05.2024 1340/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी के साथ जनहित याचिका को किया खारिज

# बच्चों का नाम राहुल गांधी रखें या लालू यादव, कौन रोक रहा?

**याचिकाकर्ता स्टीफेन ने जान-बूझकर वोटरों को भ्रमित करने का लगाया था आरोप**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोई माता पिता अपने बच्चों का नाम लालू यादव रखें या राहुल गांधी उनको कौन रोक सकता है? सुप्रीम कोर्ट ने इस टिप्पणी के साथ एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया। इस याचिका के जरिए मिलते जुलते नाम वाले डमी उम्मीदवारों को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग सुप्रीम कोर्ट से की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया। ये याचिका सुनवाई के लायक नहीं है। जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने कहा कि अगर अगर उनके माता-पिता ने ऐसा नाम चुना है, तो क्या हम उन्हें चुनाव लड़ने से रोक सकते हैं?

### खास बातें

- इस टिप्पणी के साथ एक जनहित याचिका को खारिज कर दिया
- जस्टिस बीआर गवई की बेंच ने सुनवाई की

### नाम के जरिए वोटर्स को भ्रमित करने का आरोप



याचिकाकर्ता साबू स्टीफेन का कहना था कि इस तरह के नाम वाले उम्मीदवारों को जान- बूझकर वोटरों को भ्रमित कर चुनाव को प्रभावित करने के लिए उतारा जाता है। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई से ही इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा हुआ है कि मशहूर उम्मीदवार हमनामों की वजह से बहुत कम अंतर से चुनाव हारे हैं। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग को अदालत निर्देश दे कि इस मामले की गहराई से जांच पड़ताल की जाए, ताकि इस तथ्य का पता लगाया जा सके।

**याचिकाकर्ता ने अर्जी वापस ली**

सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कहा कि माता पिता अपने बच्चों का नाम लालू यादव रखें या फिर राहुल गांधी रख दें, उनको कौन रोक सकता है? अदालत की तरफ से याचिका पर इनकार के बाद याचिकाकर्ता ने अपनी अर्जी वापस ले ली।

हाईकोर्ट का फैसला पलटा




### आम लोगों के लिए नहीं खोल सकते सीएम आवास

पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब के सीएम आवास के सामने की बंद पड़ी सड़क को खोलने का आदेश दिया था। जिसके खिलाफ पंजाब सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अगली तारीख तक सड़क को आम आदमी के लिए खोलने के आदेश पर रोक लगा दी है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

टेंडर नोटिस सं. 09/2024-2025 दिनांक 03.05.2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 10240052A | फायर रेतर्दान्त कर्टेन फैब्रिक (ब्लू कलर) | 12783 मीटर | 27.05.24 |
| 02 | 16243593 | लेटरल डैम्पर 200 KG | 433 नग | 28.05.24 |
| 03 | 07231399B | वैल्यू मैगनेट जी–21,110वी | 280 नग | 03.06.24 |
| 04 | 12231005 | सिंगल कोर एलास्टोमेरिक केबल साइज 240 एस क्यू एम एम, 1500 वोल्ट्स | 1760 मीटर | 03.06.24 |
| 05 | 07233446 | एक्सल बॉक्स पिवट बुश विथ सॉलिड | 3228 नग | 01.07.24 |
| 06 | 07235154A | डोर अरेंजमेंट (RH & LH) | 40 सेट | 24.07.24 |

निविदा शर्ते–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
1336/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### गोदरेज प्रॉपर्टीज के लाभ में 14 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 14 प्रतिशत बढ़कर 471.26 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 412.14 करोड़ रुपये रहा था। कुल आय बढ़कर 1,914.82 करोड़ रुपये हो गई।

### सोने में 350 रुपए की गिरावट, चांदी स्थिर



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

## सूचीबद्धता नियमों का पालन नहीं करना प्रमुख वजह

# अदाणी समूह की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा कारण बताओ नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अदाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है।

कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है। बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज के साथ अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अदाणी पावर, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी टोटल गैस और अदाणी विल्मर शामिल हैं।



### अंबुजा व एसीसी सीमेंट को नहीं मिला नोटिस

वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है। समूह की मीडिया कंपनी एनडीटीवी ने सेबी का नोटिस मिलने के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। अदाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को सेबी का नोटिस उस जांच का हिस्सा है, जो अमेरिकी 'शॉर्ट सेलर' और वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा जनवरी, 2023 में समूह के खिलाफ जारी रिपोर्ट के बाद शुरू हुआ था।

### सेबी ने मांगा है स्पष्टीकरण

सेबी का कारण बताओ नोटिस किसी कंपनी के खिलाफ अभियोग नहीं है। दरअसल इसमें कंपनियों से संबंधित मामले में स्पष्टीकरण मांगा जाता है कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की जानी चाहिए।

### कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा

इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### वित्तीय परिणामों पर असर पड़ सकता है

हालांकि, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है।

- सूमह की दस में सात कंपनियों को नोटिस मिला
- कंपनियों ने शेयर बाजार को नोटिस की जानकारी दी
- समूह की प्रमुख कंपनियों में अदाणी एंटरप्राइजेज, ग्रीन शामिल

### हेराफेरी का लग चुका है आरोप

इस रिपोर्ट में अदाणी समूह पर कंपनियों के शेयरों के भाव में हेराफेरी और कॉरपोरेट धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे। हालांकि अदाणी समूह ने हिंडनबर्ग रिसर्च के सभी आरोपों को आधारहीन और किसी भी गलत काम से इनकार किया था।

### शेयरों में आई भारी गिरावट



लेकिन रिपोर्ट आने के बाद शेयर बाजार में उसकी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट आई और समूह के सम्मिलित बाजार मूल्य में करीब 150 अरब डॉलर की भारी गिरावट आ गई थी। हालांकि कुछ महीने बाद ही समूह की कंपनियों के शेयरों ने बाजार में वापसी करनी शुरू कर दी थी और अब तक नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो चुकी है।

# एडीबी भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को वित्त देने तैयार

- एशियाई विकास बैंक के उपाध्यक्ष भार्गव ने कहा
- जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने मदद मिलेगी



एजेंसी ▶▶ त्बिलिसी

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के उपाध्यक्ष भार्गव दासगुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि एडीबी जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों से निपटने में मदद करने के अलावा भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र को वित्त मुहैया कराने के लिए भी तैयार है। एडीबी ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में उपग्रह से संबंधित कुछ परियोजनाओं को अंजाम दिया हुआ है लेकिन उसने भारतीय अंतरिक्ष क्षेत्र में अब तक कोई वित्तीय मदद नहीं दी है। दासगुप्ता ने कहा, हमने इस क्षेत्र में अब तक बहुत कुछ नहीं किया है। हम हमेशा नए क्षेत्रों को देखने को तैयार हैं। हमारा मानना है कि अब यह क्षेत्र खुल गया है और स्टार्टअप भी इसमें खूब दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अगर हम टिकाऊ विकास लक्ष्य (एसडीजी) के संदर्भ में अपने उद्देश्यों से मेल देखते हैं तो हम इस पर गौर करेंगे। पिछले महीने सरकार ने उपग्रह निर्माण और उपग्रह प्रक्षेपणयान क्षेत्रों में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति में संशोधन को अधिसूचित किया था।

### भारत एडीबी का चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक

वह एडीबी के निजी क्षेत्र परिचालन विभाग और बाजार विकास एवं सार्वजनिक निजी भागीदारी कार्यालय का प्रबंधन देखते हैं। भारत 1966 में स्थापित एडीबी का संस्थापक सदस्य है। यह एडीबी का चौथा सबसे बड़ा शेयरधारक और 2010 से इसका शीर्ष उधारकर्ता है।


**उत्तर रेलवे** (आज़ादी का अमृत महोत्सव)

**पहला शुद्धिपत्र**

**कार्य का नाम:-** आनंद विहार, दिल्ली डिवीजन में कोचिंग रखरखाव कॉम्प्लेक्स में हाई-स्पीड ट्रेन के रखरखाव की सुविधा के लिए वॉशिंग कम पिट-लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के लिए दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान।

| क्र. सं. | आइटम/उप शीर्षक। | जैसा कि निविदा सूचना में है | अब के रूप में पढ़ा जाना है |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | आनंद विहार, दिल्ली डिवीजन में कोचिंग रखरखाव कॉम्प्लेक्स में हाई-स्पीड ट्रेन के रखरखाव की सुविधा के लिए वॉशिंग कम पिट-लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के लिए दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। | आनंद विहार, दिल्ली डिवीजन में कोचिंग रखरखाव कॉम्प्लेक्स में हाई-स्पीड ट्रेन के रखरखाव की सुविधा के लिए वॉशिंग कम पिट-लाइनों पर कवर शेड के प्रावधान सहित रखरखाव सुविधाओं के उन्नयन के लिए दूरसंचार सुविधाओं का प्रावधान। |

**अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहती हैं।**
**निविदा संख्या:- निविदा संख्या 558-सिग-16-टेली-ओटी-998**
**दिनांक: 03.05.2024** 1345/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# मुनाफावसूली से लुढ़का बाजार सेंसेक्स 733 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई



- दूरसंचार और प्रौद्योगिकी शेयरों में रही बिकवाली
- रिलायंस और एलएंडटी के शेयर भी रहे दबाव में

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 74,000 के स्तर से नीचे आ गया जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गया। दूरसंचार, पूंजीगत उत्पाद और प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा।

विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव होने से सूचकांकों में गिरावट आई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक 732.96 अंक यानी 0.98 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। इसमें एक दिन में ही इसमें 1,627.45 अंकों की भारी उठापटक देखी गई। निफ्टी भी 172.35 अंक गिरकर 22,475.85 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 146.5 अंक बढ़कर 22,794.70 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में तगड़ी बिकवाली का शिकार हो गया। इस बड़ी गिरावट के बावजूद कारोबारी सप्ताह के अंत में सूचकांक बढ़त में रहे। इस सप्ताह सेंसेक्स में 147.99 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़ गया।

### ये शेयर रहे लाभ में

दूसरी तरफ, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयर बढ़त लेने में सफल रहे। रिजर्व बैंक की तरफ से लगाई पाबंदी हटाए जाने के बाद बजाज फाइनेंस में करीब एक प्रतिशत की तेजी देखी गई।

## आकाश इंस्टीट्यूट के छात्रों ने जी (मुख्य) 2024 में प्रभावकारी रैंक हासिल किए 3 में से 1 आकाशियन को शीर्ष कॉलेज मिला

**नई दिल्ली।** जी (मुख्य) 2024 (सत्र 2) के परिणाम घोषित हो चुके हैं और आकाशियन्स ने एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन किया है। हमारे यहाँ से 13485+ होनहार आकाशियन्स हुए हैं। कुल 1293 छात्रों ने 99 और उससे अधिक पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। 9 आकाशियन्स ने शीर्ष और 52 आकाशियन्स ने शीर्ष 500 में एआईआर हासिल की है। 4 वर्षीय क्लासरूम छात्रा सानवी जैन (एआईआर 34, सीआरएल) महिला वर्ग में ऑल इंडिया टॉपर (एआईआर 1) रही हैं और फिजिक्स एवं मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल के साथ कुल मिलाकर 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। आकाशियन्स एम. साई दिव्या तेजा रेड्डी और ऋषि शेखर शुक्ला - दोनों 4 वर्षीय क्लासरूम छात्र हैं जिन्होंने कुल मिलाकर प्रभावकारी 100 पर्सेंटाइल प्राप्त किए हैं। क्रमशः एआईआर 15 और एआईआर 19 के साथ तेलंगाना टॉपर रहे हैं। रचित अग्रवाल (एआईआर 25) पंजाब स्टेट टॉपर हैं और आकाश में 4 वर्षीय क्लासरूम छात्र है, जिन्होंने फिजिक्स और मैथ्स में 100 पर्सेंटाइल हासिल किए हैं। आकाशियन्स द्वारा प्राप्त ये शानदार परिणाम आकाश में प्रदत मार्गदर्शन और उत्तम तैयारी की गुणवत्ता के प्रमाण हैं।




### मई माह की इस तारीख तक निपटा ले इनकम टैक्स से जुड़े यह काम

**नई दिल्ली।** मई के महीने की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में टैक्सपेयर्स के लिए यह महीना बहुत अहम है क्योंकि इस महीने में टैक्स से जुड़े कई कार्यों की डेडलाइन है। इस महीने काटे गए टैक्स से लेकर टीडीएस सर्टिफिकेट तक कई कामों को पूरा करना आवश्यक है।

## जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूआईटी) ने तकनीकी उच्च शिक्षा में नए मानक स्थापित किए

**नई दिल्ली।** जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूआईटी), वाकनाघाट, सोलन, हिमाचल प्रदेश ने हिमाचल प्रदेश राज्य में उच्च तकनीकी शिक्षा में नए मानक स्थापित करने में विश्वविद्यालय की उपलब्धि का प्रसार करने के उद्देश्य से 3 मई, 2024 को एक प्रेस मीट का आयोजन किया। **JUIT** ने गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के गंतव्य के रूप में क्षेत्र के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के पड़ोसी राज्यों के छात्रों को आकर्षित करने के अपने प्रयासों पर प्रकाश डाला। प्रेसवार्ता की शुरुआत जेयूआईटी के मीडिया प्रभारी प्रोफेसर तीरथराजसिंह के स्वागत भाषण के साथ हुई। मेजर जनरल राकेश बस्सी (सेवानिवृत्त), रजिस्ट्रार और डीन ऑफ स्टूडेंट्स ने जेयूआईटी की स्थापना की उत्पत्ति और राज्य के अन्य निजी विश्वविद्यालयों की तुलना में इसकी विशिष्ट प्रकृति, विभिन्न सुविधाओं और मार्गों के साथ छात्रों को प्रदान की जाने वाली सहपाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियाँ और बुनियादी ढांचे और छात्रावास प्रबंधन के विवरण के बारे में विस्तार से बताया।

## के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने 'डॉ. अम्बेडकर की दृष्टि और मिशन' पर एक पैनल चर्चा का आयोजन



**नई दिल्ली।** अटल बिहारी वाजपेयी चेयर ऑफ स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, सेंटर फॉर विकसित भारत और छात्र कल्याण, के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने 2 मई, 2024 को ₹डॉ. अम्बेडकर की दृष्टि और मिशन₹ पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। चर्चा के लिए सम्मानित पैनलिस्ट प्रो. मेहराज उद्दीन मीर (चेयर प्रोफेसर, मोतीलाल नेहरू चेयर), प्रो. तानिया गुप्ता (डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन) और डॉ. इंदु सिंह (सहायक प्रोफेसर और अनुसंधान संचार अधिकारी, फार्माकोलॉजी विभाग) थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. इंदरप्रीत (एसोसिएट डीन, स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज) के गर्मजोशी से स्वागत भाषण के साथ हुई, जिन्होंने ज्ञानवर्धक आदान-प्रदान की दिशा तय की।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग निविदा सूचना**
**सं. 26/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. कार्य का विवरण:** समई/काशीपुर के अन्तर्गत गुलरभोज स्टेशन एवं ब्रिज नं. 104 पर मानसून रिजर्व के लिए स्टोन बोल्डर की आपूर्ति; **अनुमानित लागत(₹):** ₹27,40,370.76; **बयाना राशि (₹):** ₹54,800/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 02 माह; **1.** ई–निविदा दिनांक 24.05.2024 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें
मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू–47 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**आम सूचना**

**न्यायालय अपर कलेक्टर (दक्षिण) जिला भोपाल, म.प्र.**
प्रकरण क्रमांक 0036/अपील/2023–24
भोपाल, दिनांक 16.04.2024
श्रीमती प्रमिला देवी पत्नी श्री डॉ. रामप्रसाद, निवासी 6 आरणे विहार, चुनाभट्ठी, भोपाल, म.प्र.
अपीलार्थी
विरुद्ध
1– अध्यक्ष एडवांस मेडिकल साईन्स एंड सोसायटी निवासी मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट एफ.डी.6 टैगोर गार्डन नई दिल्ली,
2– म.प्र. शासन
3– प्राधिकृत अधिकारी, कार्पोरेशन बैंक ओरसेंज ब्रांच नई दिल्ली
4– आयुष्मति एजुकेशन एंड सोशल सोसायटी द्वारा सिम्रेटरी – श्री सिद्धर्थ कपूर आ. डॉ. श्री सुनील कपूर, निवासी 202 गंगा जमुना कॉम्प्लेक्स, जोन–1, एम.पी. नगर, जिला, भोपाल
प्रतिअपीलार्थीगण
न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग कोलार जिला भोपाल के प्रक.क्र. 0521/बी–121/2020–21 में आदेश दिनांक 12.12.2023 से परिवेदित होकर म.प्र. भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 44 (1) के अंतर्गत अपील प्रस्तुत की है जो इस न्यायालय में प्रचलित है।
2/ उक्त संबंध में प्रतिअपीलार्थी क्र.1,3 को सूचित किया जाता है कि आप उक्त प्रकरण में अपना पक्ष समर्थन हेतु इस न्यायालय में दिनांक 16/05/2024 को न्यायालयीन समय 3:00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। समाचार पत्र में सूचना पत्र विधिवत प्रकाशित होने के बावजूद अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
**अपर कलेक्टर**
**दक्षिण भोपाल**



**पहचान की अपील**



अज्ञात

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **अज्ञात, पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात,** आयु लगभग 50/55 वर्ष, कद 5', रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, साधारण शरीर, जो केवल सफेद रंग की सेण्डो बनियान पहने हुए दिनांक 25.04.2024 को यमुना खादर, दिल्ली में मृत पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 21ए, दिनांक 25.04.2024 को थाना कोतवाली, दिल्ली में दर्ज है।
यदि किसी व्यक्ति को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो नीचे लिखे पते पर सूचित करें।
**थाना प्रभारी**
**थाना: कोतवाली, दिल्ली**
**फोन: 9582030930, 8750870121**
DP/5222/N/2024



**उत्तर रेलवे** (आज़ादी का अमृत महोत्सव)

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति, सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर (कॉर्ड), उत्तर रेलवे, दिल्ली डिवीजन की ओर से अनुभवी और सक्षम निविदाकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए '**सी एंड डब्ल्यू डिपो एनडीएलएस और एएनवीटी में संबद्ध उपकरणों के प्रावधान के साथ पोर्टेबल केबिन की स्थापना और कमीशनिंग के साथ बायो टॉयलेट लैब की स्थापना**' पर सीलबंद ई-निविदा आमंत्रित करता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | सी एंड डब्ल्यू डिपो एनडीएलएस और एएनवीटी में संबद्ध उपकरणों के प्रावधान के साथ पोर्टेबल केबिन की स्थापना और कमीशनिंग के साथ बायो टॉयलेट लैब की स्थापना |
| 2. | कार्य स्थल | एनडीएलएस और एएनवीटी |
| 3. | कार्य अवधि | छह महीने |
| 4. | विज्ञापित राशि | रु. 56,88,550.80/- (जी.एस.टी. सहित) |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,13,800/- |
| 6. | निविदा प्रपत्र मूल्य | रु. 0/- |
| 7. | ई-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का समय | दिनांक 10/05/2024; 18:30 बजे से 24/05/2024 15:00 बजे तक |
| 8. | ई-निविदा बॉक्स बंद होने की तिथि और समय | दिनांक 24/05/2024 को 15.00 बजे |
| 9. | ई-निविदा खुलने की दिनांक एवं समय | दिनांक 24/05/2024 को 15.00 बजे, यदि खोलने की तारीख अवकाश होता है तो ई-निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जाएगी |
| 9. | ई-निविदा खोलने का स्थान | मैकेनिकल विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055 |

**नोट:-** निविदा का पूरा विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में पाया जा सकता है।
**सं. 116-एस/बायो-टॉयलेट लैब./23-24/एमसी.IV** 1342/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन:** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

**सिंह:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वविादों से बचने का प्रयास करें।

**तुला:** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक:** घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु:** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर:** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ:** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन:** वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## डिश टीवी द्वारा 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति, किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी एक साथ

- डिश टीवी अपने सभी ग्राहकों को अब टीवी सब्सक्रिप्शन के अंतर्निहित देगा ओटीटी सेवाएं, इंडस्ट्री में होगा पहला कदम।
- ग्राहकों को लोकप्रिय ऐप्स में से पसंदीदा प्लेटफार्म चुनने को लेकर मिलेगी सुविधा।

**भारत।** डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव 'डिश टीवी स्मार्ट'+ सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज' के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप्स का आनंद भी ले सकते हैं।

## शब्द पहेली - 5501



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

**शब्द पहेली -5500 का हल**












भारत और नाइजीरिया दोनों देशों ने आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने पर विशेष रूप से फोकस किया है। इससे दोनों देशों की आर्थिक प्रगति होगी। भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 11.8 अरब (बिलियन) अमेरिकी डॉलर रहा।

अब व्यापार और निवेश को मिलेगा बढ़ावा

# भारत-नाइजीरिया के बीच जल्द होगा लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम एग्रीमेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-नाइजीरिया संयुक्त व्यापार समिति का दूसरा सत्र अबुजा में आयोजित हुआ। भारत और नाइजीरिया दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए लोकल करेंसी सेटमेंट सिस्टम एग्रीमेंट को जल्द निपटाने सहमत हुए हैं। दोनों पक्ष लोकल करेंसी सेटमेंट सिस्टम एग्रीमेंट समझौते को शीघ्र ही अंतिम रूप देंगे।

इस दौरान डिजिटल अर्थव्यवस्था और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस, औषधि क्षेत्र (फार्मास्यूटिकल्स) आदि कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान की गई। बता दें नाइजीरिया अफ्रीका क्षेत्र में भारत का दूसरा सबसे बड़ा एवं प्रमुख व्यापारिक भागीदार है। भारत और नाइजीरिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 11.8 अरब (बिलियन) अमेरिकी डॉलर रहा।

- भारत-नाइजीरिया संयुक्त व्यापार समिति का दूसरा सत्र अबुजा में हुआ
- दोनों पक्षों के बाजार में पहुंच के मुद्दों को हल करने के खुलेंगे रास्ते

### द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 11.8 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

### अबुजा में व्यापार समिति की बैठक

मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव अमरदीप सिंह भाटिया के नेतृत्व में भारत से 7 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, नाइजीरिया संघीय गणराज्य में भारत के उच्चायुक्त बालासुब्रमण्यम और आर्थिक सलाहकार प्रिया पी. नायर ने 29 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अबुजा में अपने नाइजीरियाई समकक्षों के साथ एक संयुक्त व्यापार समिति की बैठक की। जेटीसी की सह-अध्यक्षता नाइजीरिया के संघीय उद्योग व्यापार और निवेश मंत्रालय के स्थायी सचिव, राजदूत नूरा अब्बा रिमी और अतिरिक्त सचिव, वाणिज्य विभाग ने की।

### दोनों पक्षों का फोकस द्विपक्षीय व्यापार

दोनों पक्षों का फोकस द्विपक्षीय व्यापार और लाभकारी निवेश को बढ़ाने के लिए कई क्षेत्रों पर रहा। दोनों पक्षों के बाजार में पहुंच के मुद्दों को हल करना और कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, औषधियां, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूनिफाईड पेमेंट इंटरफेस-यूपीआई), स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली, (लोकल करेंसी सेटलमेंट सिस्टम एग्रीमेंट) बिजली क्षेत्र और नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि तथा खाद्य प्रसंस्करण, परिवहन, रेलवे, विमानन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), विकास तथा शिक्षा आदि जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग शामिल है।

### संबंधों को मजबूत करने पर सहमति

भारत और नीदरलैंड के बीच बीते गुरुवार को हेग में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) के 12वें दौर की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सेमीकंडक्टर और हरित हाइड्रोजन जैसी नवीन और उभरती प्रौद्योगिकियों पर द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विदेश मंत्रालय में सचिव (वेस्ट) पवन कपूर ने किया, जबकि डच की तरफ से विदेश मंत्रालय के महासचिव पॉल हुइज्ट्स ने किया।

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा: षडयंत्र के शिकार हो रहे श्रद्धालु, बरतें सावधानी

# हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर हो रही साइबर ठगी, 76 वेबसाइट ब्लॉक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चारधाम यात्रा जैसे-जैसे पास आ रही है, वैसे वैसे साइबर ठग भी सक्रिय होते जा रहे हैं। इस बीच प्रशासन भी मुस्तैद है। चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है।

एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी।

चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपए की धोखाधड़ी की जा रही है। गत वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें आई थीं।

*एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने 14सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी।*



- यात्रा जैसे-जैसे पास आ रही वैसे-वैसे साइबर ठग सक्रिय
- फर्जी वेबसाइट के जरिए करते थे हेली सेवा बुकिंग
- साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से कर रहे धोखाधड़ी
- चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग अधिकारिक वेबसाइट पर करें

### आईआरसीटीसी से चार धाम हेलीसेवा की बुकिंग

लोगों को आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी, जबकि आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अपनी वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु इस वेबसाइट के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं।

**फर्जी वेबसाइट की शिकायत के लिए यह नंबर**

*यदि कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नंबर, लिंक आदि की जानकारी हो तो तुरंत एसटीएफ देहरादून से साझा करें। एसटीएफ ने दो मोबाइल नंबर 9456591505 एवं 9412080875 जारी किए हैं। स्क्रीनशॉट के साथ शिकायत करें।*

### देश की सबसे बड़ी साइबर ठगी, चीन से निकला लिंक

*फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी सामने आई है। इस साइबर ठगी के तार चीन से भी जुड़े हुए हैं। अब तक साइबर ठगी के मामले में 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से अलग-अलग बैंकों की पासबुक और चेक बुक और सैकड़ों सिम काफी, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड सहित 14 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। फरीदाबाद के सेक्टर 15 की रहने वाली एक लड़की के साथ लगभग 7 करोड़ 59 लाख रुपए की थी। आरोपी स्टॉक मार्केट के नाम पर लालच देकर साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। लोगों को पहले स्टॉक मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने के लालच में फंसाते हैं और फिर उनसे मोटी रकम वसूल कर उन्हें ठग लेते हैं। यह लोग पैसे वसूल कर उन्हें डॉलर में कन्वर्ट कर चीन भेजते हैं।*

...अब दे रहा रिश्तों दी दुहाई

# बाइडेन ने भारत पर लगाया बड़ा आरोप, डैमेज कंट्रोल में अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा भारत पर बड़ा आरोप लगाने के बाद अब अमेरिका डैमेज कंट्रोल मोड में है। एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने जो बाइडेन ने कहा था कि भारत, जापान, रूस और चीन वे देश हैं जो विदेशियों से द्वेष रखते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका की तरह इनमें से कोई देश अप्रवासियों का स्वागत नहीं करता। बाइडेन ने भारत को जेनोफोबिक कहा था। यहां जेनोफोबिक का मतलब बाहरी लोगों के डर से था। यानी बाइडेन कहना चाह रहे थे कि भारत को बाहरी लोगों से डर लगता है इसलिए वह उन्हें अपने यहां पनाह नहीं देता है। अब अमेरिका ने इस बयान पर सफाई दी है।

### अप्रवासियों का होना कितना जरूरी!

उन्होंने कहा कि बाइडेन ने एक व्यापक बिंदु पर टिप्पणी की थी कि देश में अप्रवासियों का होना कितना जरूरी है और कैसे इनके कारण हमारा देश मजबूत बनता है। वह इस बारे में बात कर रहे थे। पियरे ने कहा कि भारत और जापान के साथ निस्संदेह हमारे संबंध मजबूत हैं। बाइडेन ने चुनाव के लिए चंदा एकत्र करने के लिए कहा था कि यह चुनाव आजादी, अमेरिका और लोकतंत्र के बारे में है। इसलिए मुझे आपकी सख्त जरूरत है। हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण आपकी और कई अन्य लोगों की वजह से है। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। बाइडेन ने कहा कि इसके बारे में सोचें। चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह ठहर सा क्यों रहा है? जापान को क्यों परेशानी हो रही है? रूस क्यों है? भारत क्यों है? क्योंकि उन्हें विदेशियों से द्वेष है।




# हत्यारी बनी कनाडा पुलिस, एक गलती ने ले ली 4 भारतीय दंपती की जान

एजेंसी ▶▶ टोरंटो

कनाडा घूमने गए भारतीय दंपती और उनके तीन महीने के पोते समेत 4 लोग उस समय सड़क हादसे का शिकार हो गए, जब ओंटारियो पुलिस की एक गाड़ी शराब की दुकान से लूट को अंजाम देने वाले संदिग्ध को पकड़ने के लिए गलत रास्ते पर आ गई और 6 वाहनों की टक्कर हो गई। पुलिस ने बताया कि टोरंटो से करीब 50 किलोमीटर पूर्व व्हाइटबाय में राजमार्ग 401 पर हुई दुर्घटना में कई वाहनों के क्षतिग्रस्त होने के साथ ही चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मारे गए लोगों में 60 वर्षीय एक पुरुष और 55 वर्षीय एक महिला भी शामिल है, जो भारत से आए थे। दंपती का तीन महीने का पोता भी इस हादसे में मारा गया। लूट को अंजाम देने वाला 21 वर्षीय संदिग्ध भी इस हादसे में मारा गया। इस हादसे में कम से कम छह वाहन आपस में टकरा गए।

## उसका सभी पहलुओं पर 'सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड' रहा

# वह झगड़े का बीज बोता है... भारत ने यूएन में पाकिस्तान को लगाई लताड़

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क



भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान द्वारा नयी दिल्ली के खिलाफ दिए गए बयान को विनाशकारी एवं हानिकारक बताया और उसे तीखा जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का सभी पहलुओं पर 'सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड' रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में पाक के दूत मुनीर अकरम ने 'शांति की संस्कृति' पर महासभा में संबोधन के दौरान कश्मीर, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मामलों का जिक्र करते हुए भारत के खिलाफ लंबी टिप्पणी की थी जिस पर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। कंबोज ने कहा कि महासभा में हम आखिरी बात यह कहना चाहते हैं कि जब हम इस चुनौतीपूर्ण समय में शांति की संस्कृति विकसित करने की कोशिश करते हैं तो ऐसे समय में हमारा ध्यान रचनात्मक वार्ता पर केंद्रित रहता है इसलिए हमने उन टिप्पणियों को दरकिनार करने का विकल्प चुना जिनमें मर्यादा का अभाव है।

कृत्यों के खिलाफ वैश्विक समुदाय को प्रतिक्रिया देनी चाहिए | सद्भाव के सार्वभौमिक मूल्यों को कमजोर करता है पाक

### सदस्य देश वास्तव में शांति की संस्कृति को बढ़ावा दें

### हम कूटनीति के सिद्धांतों को प्रोत्साहित करेंगे

उन्होंने कहा कि हम उस प्रतिनिधि को सम्मान और कूटनीति के उन केंद्रीय सिद्धांतों का पालन करने के लिए दृढ़ता से प्रोत्साहित करेंगे जिन्हें हमेशा हमारी चर्चाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए या फिर क्या उस देश से यह अपेक्षा करना बहुत ज्यादा है जिसका स्वयं सभी पहलुओं पर सबसे संदिग्ध 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। आतंकवाद शांति की संस्कृति और सभी धर्मों की उन मूल शिक्षाओं का प्रत्यक्ष विरोधी है, जो करुणा, समझ और सह-अस्तित्व की वकालत करते हैं। उन्होंने कहा कि यह झगड़े के बीज बोता है, शत्रुता पैदा करता है और सम्मान एवं सद्भाव के उन सार्वभौमिक मूल्यों को कमजोर करता है।

### भेदभाव, हिंसा पर ध्यान दें

कंबोज ने कहा कि दुनिया को भू-राजनीतिक तनाव और असमान विकास के कारण बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। धर्म या विश्वास के आधार पर बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और हिंसा पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। पवित्र स्थलों पर बढ़ते हमलों के कृत्यों के खिलाफ वैश्विक समुदाय को त्वरित और एकजुट होकर प्रतिक्रिया देनी चाहिए। महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा का सिद्धांत शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का आधार है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109